न्यूज ब्रीफ

### हादसे में युवक की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** 6 फरवरी की शाम रसूलाबाद-बिल्हौर रोड पर शहबाजपुर के निकट एक ई रिक्शा चालक द्वारा बाइक सवार दो युवकों के टक्कर मारने से एक की मृत्यु हो जाने के मामले में पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिल्हौर थाना क्षेत्र के दलेलपुर निवासी महेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र जयकेश व गांव का ही अमित बाइक से घर आ रहा था, तभी ई रिक्शा के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां पुत्र जयकेश को डॉक्टर ने मृत बताया। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है। इसकी विवेचना तिस्ती चौकी प्रभारी बृजेश कुमार करेंगे।

### कंटेनर की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**सिकंदरा।** थाना क्षेत्र के औरैया कानपुर नेशनल हाईवे पर मुंडादेव गांव में रोड पार कर रही महिला कंटेनर ट्रक की चपेट में आ गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे ग्रामीणों की सूचना पर मौके पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा सीएससी सिकंदरा भेजा गया। हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सुधा देवी पत्नी जगदीश कटियार45वर्ष सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान, औरैया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने टक्कर मार रदी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में लिया है। चौकी प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### बाइक फिसलने से घायल हुआ युवक

**रसूलाबाद।** बाइक से अपने गांव शाहपुर जा रहे सुमित सिंह 25 पुत्र रमेश सिंह बंबी के निकट बाइक फिसलने से गिरकर घायल हो गए। इस पर उन्हें सीएचसी रसूलाबाद लाया गया है जहां डॉक्टर प्रणय वीर सिंह ने उनका उपचार किया और उनकी गंभीर दशा के चलते उन्हें हैलट कानपुर रेफर किया है।

### हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानो में हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के बाद रेफर किया गया। पूरा कला औरैया निवासी योगेश का बेटा हर्ष 17 व बाघपुर बैरी निवासी स्वातीपाल 22वर्ष पत्नी अनुज तथा फतवापुर बेला निवासी संजू 20 थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर शैलेंद्र कुमार यादव ने सभी घायलों की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चौथे शनिवार को खुलेंगी अदालतें

**कानपुर देहात।** जनपद न्यायाधीश की ओर से जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में 15 जनवरी को घोषित हुए सार्वजनिक अवकाश के स्थान पर चौथे शनिवार को न्यायिक कार्य दिवस घोषित करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में 28 फरवरी (चतुर्थ शनिवार) को न्यायिक कार्य दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जनपद न्यायालय के समस्त न्यायालयों सहित बाह्य स्थित न्यायालय भोगनीपुर, घाटमपुर एवं ग्राम न्यायालय बिल्हौर में भी न्यायिक कार्य सामान्य रूप से संचालित होंगे। आदेश की प्रति प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत तथा संबंधित न्यायालयों को कार्यवाही के लिए प्रेषित की गई है।

### आज किसान संवाद में पहुंचेंगी राज्यमंत्री

**कानपुर देहात।** अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में केंद्रीय बजट 2026 एवं जीरामजी को लेकर किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों, युवाओं व आमजन को बजट की प्रमुख घोषणाओं की जानकारी दी जाएगी तथा संवाद के माध्यम से उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। राज्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## बस्ती से हाईवे तक रहेगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें महाशिवरात्रि, होली, रमजान, नवरात्रि एवं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर कानून व्यवस्था पर चर्चा हुई। डीएम ने साफ तौर पर कहा कि खास दिनों में पूरी चौकसी बरती जाए। बस्ती से लेकर हाईवे तक पुलिस निगरानी रखें। बैठक में एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी रहीं।

बैठक में थाना एवं तहसील स्तर पर शांति समिति की बैठकों और शिकायतों के समाधान की समीक्षा हुई। डीएम ने सभी एसडीएम एवं सीओ को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण करें और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रवेश एवं निकास मार्गों को यथासंभव पृथक किया जाए। मानक के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने सादी वर्दी में महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती, सोशल मीडिया की निगरानी और संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में हाईवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। प्रमुख मार्गों एवं हाईवे पर पुलिस बल एवं पुलिस वाहनों की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाए।



कलेक्ट्रेट में डीएम और एसपी की उपस्थिति में हुई बैठक। अमृत विचार

उन्होंने थानाध्यक्षों को भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। अग्निशमन विभाग को संवेदनशील स्थलों एवं थानों में मौजूद रहने, विद्युत विभाग को निर्बाध आपूर्ति करने के निर्देश दिए। नगर निकायों और पंचायतों में सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एम्बुलेंस, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य टीमों की तैनाती को कहा। बैठक के दौरान डीएम ने धर्मगुरुओं एवं नागरिकों से संवाद कर सुझाव एवं समस्याओं पर चर्चा की और प्रशासन के लिए सहयोग मांगा।

## भक्तों की कामना पूरी करते धर्मगढ़ बाबा

- थाना प्रभारी रहे इसरार हुसैन ने रखी थी मंदिर की नींव
- कई जनपदों के श्रद्धालुओं का मंदिर में लगता जमघट

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रसूलाबाद सहित सुदूर अंचलों में आस्था के धाम बन चुके सिद्ध पीठ श्री धर्मगढ़ बाबा शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि को शिव भक्तों का लगेगा मेला। यह मंदिर स्वप्न में दिए गए आदेश के तहत मूर्ति पूजा से परहेज करने वाले मुस्लिम समुदाय के थाना प्रभारी इसरार हुसैन ने बनवाना शुरू किया था जिसको पूर्ण थाना प्रभारी कुंअर नागेंद्र सिंह ने करवाया था।

आस्था के प्रतीक धर्मगढ़ बाबा धाम मंदिर के इतिहास के बारे में बुजुर्ग लोगों ने बताया कि मंदिर के 6 किलोमीटर उत्तर दिशा मे जमदग्नि ऋषि आश्रम जमथरखेड़ा जोत गांव है। लोगों का कहना है कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग भगवान परशुराम समकालीन है। मुगल शासन मे विद्रोहियों ने मंदिर ध्वस्त कर पास मे बने कुएं में शिवलिंग फेंक दी थी, जिसे बाद में किसी ने निकलवा कर स्थापित करवाया और चबूतरा बनवा दिया। वर्ष 1943 में तत्कालीन थानाध्यक्ष इसरार हुसैन को स्वप्न में वहां मंदिर बनवाने की प्रेरणा मिली और उन्होंने मंदिर का निर्माण शुरू करवा दिया किंतु इसी दौरान उनका स्थानांतरण हो गया तब उनके स्थान पर 1945 मे आये थानाध्यक्ष कुंअर नागेंद्र सिंह ने मंदिर का कार्य पूर्ण करवाया।


शिवलिंग की पूजा के लिए भक्तों की जुटती भीड़। अमृत विचार

किंवदंती है कि कांवर में गंगाजल लाकर शिव जी का जलाभिषेक करने की परंपरा यही से प्रारंभ हुई। पिता के आदेश पर मां का सिर धड़ से अलग करने के पश्चात पश्चाताप की अग्नि में तप्त परशुराम जी ने यहां पर गंगा जी से कांवर में जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और तभी से कांवरियों के द्वारा जल चढ़ाने की परंपरा पड़ी। मंदिर के पुजारी सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि यह भगवान शिव का सिद्धपीठ स्थान है। यहां साल मे कई बार बड़े बड़े धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। धर्मगढ़ बाबा मंदिर मे जनपद के श्रद्धालुओं के साथ साथ फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, औरैया, उन्नाव, इटावा आदि सुदूर अंचल से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन को आते हैं।

# आमने-सामने टकराईं बाइकें सिक्योरिटी गार्ड की गई जान

### शिवली कोतवाली क्षेत्र में खखरा पुल के पास हुआ हादसा, हरियाणा में करता था नौकरी

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** शुक्रवार की शाम रामगंगा नहर के खखरा पुल के पास दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें गंभीर रूप से घायल हुए एक बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल बाइक चालक को परिजनों की मदद से शिवली अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक की मौत की खबर लगते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया।


शिवबालक।


हादसे में पिता की मौत के बाद रोती-बिलखतीं बेटियां। अमृत विचार

शिवली कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर बंथा गांव निवासी शिव बालक राजपूत (55) पुत्र मेवालाल राजपूत पानीपत हरियाणा में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। बीते बुधवार को शिवबालक छुट्टी पर अपने गांव आया था। शुक्रवार की शाम शिवबालक अपने खेत देखने के लिए बाइक से गया था, तभी रास्ते में खखरा नहर पुल के पास रामगंगा नहर पटरी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। जोरदार टक्कर होने से शिव बालक के सिर में आई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उसे शिवली सीएचसी लेकर पहुंचे।

डॉक्टर ने शिवबालक को मृत घोषित कर दिया। सिक्योरिटी गार्ड की मौत की खबर लगते ही उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया।कुछ ही देर में परिजन एवं ग्रामीण शिवली अस्पताल पहुंच गए। मृतक की पत्नी कलावती पुत्र धर्मेंद्र पुत्री शांति देवी प्रीति देवी एवं चचेरे भाई नंदलाल का रो-रो कर बुरा हाल था। अपराध निरीक्षक शीलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


झींझक के एक इंटर कॉलेज में अग्निशमन विभाग की टीम ने आग से निपटने का डेमो दिखाया। अमृत विचार

## सिलेंडर में रिसाव आग की मुख्य वजह

- अग्निसुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताए गए बचाव के उपाय

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** झींझक के एक इंटर कॉलेज में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्निशमन की टीम ने शिक्षकों की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। लाइव डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

फायर सर्विस प्रभारी राज नारायण सिंह ने बच्चों को बताया कि गर्मी के मौसम में शॉर्ट सर्किट, चूल्हे की आग, घरेलू गैस सिलेंडर के रिसाव और लापरवाही के कारण आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसी परिस्थितियों में घबराने के बजाय सूझबूझ और सही जानकारी से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। टीम द्वारा विद्यार्थियों को अग्निशामक यंत्र के प्रयोग की जानकारी दी गई तथा आग लगने की स्थिति में प्राथमिक स्तर पर किए जाने वाले बचाव उपाय समझाए गए। इसके अलावा भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित स्थान पर जाने, भीड़ से बचने और अनुशासन बनाए रखने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। फायर प्रभारी राज नारायण सिंह ने कहा कि सर्दी का मौसम समाप्त होने के बाद गर्मी में आगजनी की घटनाएं अधिक होती हैं। कई बार सूचना मिलने में देरी हो जाती है, ऐसे में यदि लोग प्रारंभिक सावधानियां और प्रशिक्षण का पालन करें तो जान-माल का नुकसान काफी हद तक रोका जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने अग्निशमन विभाग की टीम का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं और उन्हें आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करते हैं।

## सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सपा नेता वीरसेन यादव शुक्रवार को भोगनीपुर क्षेत्र के गांव मुरलीपुर देवराहट में हो रही भागवत कथा में शामिल हुए। व्यास पीठ को नमन किया और भागवत आचार्य श्री राम जी शास्त्री को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम आयोजकों ने मालाएं पहनाकर वीरसेन यादव का स्वागत किया। सपा नेता ने कहा कि विश्व के रचयिता भगवान कृष्ण के बताए रास्ते पर चल कर भाईचारे को मजबूत करें। भाईचारे से ही समाज में लोगों का दिल जीता जा सकता है। नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए हमें आप सबको आगे आना चाहिए। परीक्षित गोपी सिंह यादव, डा अरविंद यादव, देवेंद्र सिंह, महाराज सिंह, पूर्व प्रधान देवराहट पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सुजीत सिंह पाल, कैप्टन रामशंकर प्रजापति, महावीर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### अलग-अलग प्रसंगों में बताई गईं अच्छी बातें

- **सिकंदरा।** क्षेत्र के करीमनगर गांव के भूमेश्वर धाम परिसर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथा वाचक मंजेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास द्वारा वामन अवतार प्रसंग और भक्त प्रहलाद की कथा भी सुनाई गई। उधर, सिकंदरा के प्राचीन शिव झाड़ी मंदिर परिसर मे चल रही श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को कथा वाचक राजेन्द्र वशिष्ठ ने भगवान द्वारा राजा बलि के अहंकार को नष्ट करने और उन्हें सुतल लोक का राजा बनाने की कथा सुनाई।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बांटा गया सूखा राशन

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** केंद्र व राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सही पोषण देश रोशन के तहत प्रतिमाह आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण युक्त ड्राई राशन का वितरण किया जाता है। जिसके क्रम में शुक्रवार को विकास खंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र मांडा चतुर्थ में कार्यकत्री रीना द्विवेदी द्वारा गर्भवती, धात्री महिलाओं, 07माह से 03 वर्ष के बच्चों व 03 से 06 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु निर्धारित मात्रा में ड्राई राशन गेहूं का दलिया, चना दाल, सोयाबीन रिफाइंड तेल का वितरण किया गया।

कार्यकत्री द्वारा लाभार्थियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्य रूप से यह कार्यक्रम कुपोषण से बचाने के लिए संचालित किया गया है। इसमें चना की दाल, गेहूं का दलिया, सोयाबीन रिफाइंड तेल दिया जाता है। इसी के साथ कार्यकत्री द्वारा सरकार व विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूद लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का मूल मकसद बच्चों में मृत्युदर, कुपोषण एवं विद्यालय से बाहर रहने की संख्या को कम करना है। आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के पोषण संबंधी जरुरत को पूरा करने के लिए सरकार पोषण युक्त राशन सामग्री भेजती है। इससे कुपोषण दर में कमी लायी जा सके।


महिलाओं को सूखा राशन बांटती आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

सीडीपीओ सुनीता बैस ने बताया आईसीडीएस के तहत जिले में हर महीने सूखा राशन गेहूं दलिया, चना की दाल व खाद्य तेल का वितरण लाभार्थियों को किया जाता है। जिसकी मानीटरिंग सुपरवाइजर व स्वयं उनके द्वारा व अन्य जिम्मेदारों द्वारा की जाती है। सभी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी पात्र लाभार्थी पोषाहार से वंचित न रहे। इस मौके पर राम जानकी,रिंकी, पुष्पा, सुमन, पूजा, गोल्डी, रोशनी, कल्पना पुष्पा पाल, रचना,खुशबू, मीनू, प्रिया, प्रियंका, सुधा, पूजा पाल, रेखा, गुड़िया, नैनशी, रिचा, सपना बीना, अंशिका, कीर्ति आदि मौजूद रहीं।

## युवती के साथ दुष्कर्म में दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** 28 अगस्त 2021 को डेरापुर थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को न्यायालय फैसला सुनाया। मुख्य आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई, जबकि दूसरे को बरी कर दिया।

हरदोई जनपद के पिहानी थाना क्षेत्र के मतपुरवा निवासी पंकज पुत्र ओमप्रकाश और उसके साथी पर दुष्कर्म का आरोप था। एडीजे-15 ने पंकज को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को 10 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि जिले में इस समय अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन-कन्विक्शन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डेरापुर थाना पुलिस, पैरोकार, अभियोजन और मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के साथ सही तथ्यों पर न्यायालय के समक्ष गवाही कराई गई।

### छेड़छाड़ में चाचा भतीजे पर रिपोर्ट

- **रसूलाबाद।** एक युवती ने गांव के कमलेश उर्फ बिल्ले और उसके चाचा पप्पू उर्फ प्रदीप के खिलाफ छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 8 फरवरी की दोपहर में वह घर में स्नान कर रही थी, तभी कमलेश उर्फ बिल्ले घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। उलाहना देने पर आरोपी के चाचा पप्पू उर्फ प्रदीप ने धमकाया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**विशेष शिविर 20 को** | **जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में गैरहाजिर अफसरों पर डीएम हुए नाराज**

## डीएम की बैठक में नहीं पहुंचे कई अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला आजीविका मिशन क्रियान्वयन व अनुश्रवन समिति की बैठक हुई। इसमें कई विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गैर हाजिर रहे। जिलाधिकारी ने अफसरों की गैर हाजिरी पर नाराजगी जताई। अगली बैठक में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा अपने विभागीय योजनाओं से समस्त अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया। इसके साथ लखपति महिला कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में प्रतिभाग कर रहे अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। जनपद स्तरीय समन्वय समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक के जिला प्रबंधक को बैंकों में लंबित सीसीएल पत्रावली के अविलंब वितरण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डेयरी का कार्य करने वाले समूहों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए गए। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि 20 फरवरी को समस्त सरकारी योजनाओं के लोन हेतु समस्त बैंक शाखाओं में विशेष शिविर लगाया जाएगा। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अग्रिणी जिला प्रबंधक, निदेशक आर सेटी आदि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान डीएम ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अमृत विचार

### संरक्षण समिति की बैठक में समीक्षा

- डीएम कपिल सिंह ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की। बाल विवाह रोकथाम से संबन्धित मामलों में बालक व बालिकाओं को शिक्षा तथा स्वरोजगार से जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया।

## बच्चों की सेहत सुधारने को खिलाई दवा

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक क्षेत्र में मॉप-अप राउंड शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस दौरान झींझक और मंगलपुर क्षेत्र में कुल 2182 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को दवा दी।

दस फरवरी को कृमि दिवस के अवसर पर झींझक सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयूष त्रिपाठी के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को कृमिनाशक दवा दी थी। इस अभियान में डॉ. निदा, डॉ. पीडी चतुर्वेदी, नेत्र परीक्षण अधिकारी सीके गोस्वामी और एएनएम सरोज त्रिवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


बच्चों को दवा खिलाने के लिए स्कूल पहुंची टीम। अमृत विचार

- अभियान में छूटे 448 बच्चों को मॉप-अप राउंड में दी गई दवा

बताया गया कि अभियान के पहले चरण में 10 से 12 फरवरी तक कुल 1734 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई थी।

इसके बाद 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप राउंड में 448 ऐसे बच्चों को दवा दी गई जो पहले छूट गए थे। इस प्रकार कुल 2182 बच्चों को कृमिनाशक औषधि का सेवन कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने और उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार के उद्देश्य से यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाता है।



इस दुनिया में सम्मान से जीने का सबसे महान तरीका है कि हम वो बनें जो हम होने का दिखावा करते हैं।

-सुकरात


# अमृत विचार

## कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, शनिवार,14 फरवरी 2026



**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- एआई से शोध में परिणाम पर सटीकता कम-II
- कानपुर को बदनामपुर बना दिया -III
- एग्रीफेस्ट में ग्रामीण परिवेश की झलक -IV



अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## सिटी ब्रीफ

### 25 को एलिवेटेड हाईवे का टेंडर

**कानपुर।** नौबस्ता से महोबा होते हुए कबरई तक 112 किलोमीटर लंबा एलीवेटेड हाईवे का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया जाना है। इस हाइवे के निर्माण के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी हो चुके है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव के मुताबिक एलीवेटेड हाइवे के निर्माण के लिए 24 फरवरी तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और 25 फरवरी को टेंडर खोले जाएंगे। मानक में जो कंपनी खरी उतरेगी, उसको एलीवेटेड हाइवे का जिम्मा दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली रैली

**कानपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा खसरा-रूबेला (मीजल्स-रूबेला) उन्मूलन अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। यह अभियान 4 से 6 नॉन-आरआई दिवसों में (बुधवार व शनिवार को छोड़कर) आयोजित होगा, जिसमे स्कूलों व मदरसों में अध्ययनरत कक्षा-एक से कक्षा-पांच तक के सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। जागरूकता के लिए शुक्रवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर से जागरूता रैली रवाना की, जो रामादेवी चौराहा होते हुए अस्पताल लौटी। साथ में विभाग के प्रमुख अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### आज नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** हैरिसगंज, शांति नगर, विनायकपुर, सिंहपुर, ईश्वरीगंज, हिंदुपुर, मोना नगर, आजाद कम्पांउड, बर्रा-चार व छह, पंचशील अपार्टमेंट, गोपाल नगर, राजीव नगर व ओम पुरवा में बिजली सुबह करीब 10 बजे से शाम को पांच बजे तक गुल रहेगी। कर्नलगंज में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक और गुजैनी में सुबह साढ़े 10 बजे से साढ़े चार तक बिजली नहीं रहेगी।

# ज्वैलर्स के यहां 28 करोड़ की अघोषित आय पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में दो ज्वैलर्स के यहां पर हुए आयकर के सर्वे में लगभग 28 करोड़ रुपये की अघोषित आय का खुलासा हुआ है। दो दिन चले सर्वे में दोनो कारोबारियों ने आय स्वीकार करते हुए लगभग 8.5 करोड़ रुपये की राशि टैक्स के रूप में जमा करा दी है। छह जगहों पर हुए सर्वे आय घोषित होने के बाद बंद हो गया है।

शहर में 11 फरवरी को प्रमुख सराफा कारोबारियों पर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई हुई थी। दो दिन चली कार्रवाई के बाद दुलारे ज्वैलर्स और एसएस ज्वैलर्स के यहां पर अघोषित आय का अधिकारियों ने खुलासा कर दिया। सर्वे में विभाग की ओर से 60 से अधिक अधिकारियों ने छह अलग-अलग टीमें बनाकर एक साथ कई प्रतिष्ठानों पर जांच पड़ताल शुरू की थी। विभाग के अधिकारियों ने एसएस ज्वैलर्स के नयागंज के बागला बिल्डिंग के साथ ही आनंदपुरी स्थित आवास पर जांच की थी। वहीं दुलारे ज्वैलर्स के लाल बंगला, बिरहाना रोड और किदवई नगर स्थित शोरूम पर भी सर्वे हुआ था। आयकर के सूत्रों के अनुसार लगातार विभाग को दोनों कारोबारियों के यहां टैक्स कम करने दिखाने की शिकायत मिल रही थी। जबकि दोनों फमों से कारोबारियों की आय ज्यादा थी।

# एआई शहर के निवेशकों के दो हजार करोड़ ले गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं ने भारतीय आईटी सेक्टर को हिला कर रख दिया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,600 अंकों से ज्यादा टूट गया और आईटी शेयरों में तेज बिकवाली देखी गई। अनुमान है कि इस गिरावट से कानपुर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में करीब 2,000 करोड़ रुपये की कमी आई है।

कोरोना काल के बाद आईटी सेक्टर के लिए यह सप्ताह अब तक का सबसे खराब साबित होता दिख रहा है। अमेरिकी टेक शेयरों में गिरावट और एआई को लेकर अनिश्चितता का सीधा असर भारतीय कंपनियों पर पड़ा है। शुरुआत चार फरवरी को तब हुई, जब अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अपना नया एडवांस टूल लॉन्च किया। इसे 'एंथ्रोपिक शॉक' कहा जा रहा है।

विश्लेषकों का मानना है कि यह टूल कानूनी, सेल्स और डेटा एनालिसिस जैसे कार्य स्वतः कर सकता है, कोडिंग और प्रोग्रामिंग कर सकता है, इससे पारंपरिक आउटसोर्सिंग मॉडल पर दबाव बढ़ सकता है। आशंका है कि आने वाले समय में यह आईटी सेक्टर में वर्कफ्लो को पूरी तरह ऑटोमेट कर सकता है, जिससे आईटी कंपनियों की आय में 30 से 40 फीसदी तक गिरावट की संभावना बन सकती है। अमेरिकी कंपनी पैलेन्टियर इफेक्ट के इस दावे ने भी नकारात्मकता को बढ़ाया है कि उसका एआई प्लेटफॉर्म सैप माइग्रेशन जैसे जटिल प्रोजेक्ट्स को हफ्तों में पूरा कर सकता है, जबकि पारंपरिक मॉडल में इसमें साल लग जाते थे। यह दावा भारतीय आईटी कंपनियों के लंबे और महंगे ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए सीधा खतरा माना जा रहा है। हालांकि कीमतों में गिरावट के बावजूद डिलीवरी वॉल्यूम ऊंचे रहना इस बात का संकेत है कि बिकवाली सिर्फ सट्टेबाजों द्वारा नहीं, बल्कि संस्थागत निवेशक भी कर रहे हैं। विदेशी निवेशक भारत में बैंकिंग और ऑटो सेक्टर में शिफ्ट हो रहे हैं। घरेलू निवेशक भी "हर गिरावट पर खरीदो" रणनीति से पीछे हट रहे हैं। वे ऑटो, मैन्युफैक्चरिंग, पीएसयू बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे सेक्टरों में अवसर तलाश रहे हैं, जिन्हें हालिया वैश्विक ट्रेड समझौतों से लाभ मिलने की उम्मीद है।

### आईटी शेयरों में अस्थिरता रह सकती, निवेशक संयम बरतें



- वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह का कहना है कि मौजूदा दौर उथल-पुथल वाला जरूर है, लेकिन घबराकर शेयर बेचना समझदारी नहीं होगी। लंबी अवधि के निवेशकों को जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना चाहिए। जब तक किसी बड़ी भारतीय आईटी कंपनी को एआई-इंटीग्रेटेड बड़ा कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलता, तब तक सेक्टर में नकारात्मक रुझान बना रह सकता है। हालांकि, मजबूत बैलेंस शीट और विविध क्लाइंट बेस वाली कंपनियां इस चुनौती से उबर सकती हैं। दरअसल, एआई को अब केवल आईटी सेक्टर की मददगार तकनीक नहीं, बल्कि संभावित प्रतिस्पर्धी के रूप में देखा जा रहा है। जब तक एआई के प्रभाव और उससे जुड़ी आय के मॉडल स्पष्ट नहीं होते, तब तक आईटी शेयरों में अस्थिरता बनी रह सकती है। ऐसे समय में निवेशकों के लिए संयम और रणनीतिक दृष्टिकोण ही सबसे बड़ी पूंजी साबित होगा।

## शराब के नशे में लहराकर दौड़ा रहा था ऑटो, महिला के विरोध पर हुआ हमलावर

# नशे में ऑटो चालक ने चलाई ब्लेड महिलाएं लहूलुहान, 25 टांके लगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवईनगर में शराब के नशे में धुत चालक ने ऑटो से स्टंटबाजी की। सड़क पर आड़ा-तिरछा लहराते ही ऑटो दौड़ाई। राहगीर महिला ने विरोध किया तो सड़क पर खलनायक बन गया। ऑटो चालक ने साथियों के साथ मिलकर महिला से अभद्रता की और ब्लेड से हमला कर दिया। आरोपियों ने महिला पक्ष के पांच लोगों को पीटा, मां-बेटी को ब्लेड मारकर लहुलूहान कर दिया। पीड़िता के गाल पर ब्लेड से वार में 25 टांके लगे हैं। किदवईनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेजा गया है।

एन-ब्लाक कच्ची बस्ती निवासी पीड़िता रानी के अनुसार गुरुवार शाम वह बेटी पलक, गौशाला के पास रहने वाली बड़ी बहन राधा, किदवईनगर की छोटी बहन प्रीति और उसके पति गौरव के साथ बाजार जा रही थीं। वह घर से निकलकर जूही थाने के सामने गली से मुख्य मार्ग पर पहुंची, तभी विपरीत दिशा से ऑटो चालक स्टंटबाजी करते हुए बगल से निकला। वह सड़क पर लहराकर, आड़ा-तिरछा ऑटो चला रहा था, जिससे वह बाल-बाल बचीं। उन्होंने पीछे से नाराजगी जताई, कुछ देर में ही थोड़ी दूर जाकर ऑटो पलट गया। उनके विरोध जताने पर बस्ती का ऑटो चालक आदिल, उसके साथी दिशांत व एक अन्य युवक ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। महिला के अनुसार सभी आरोपी शराब के नशे में धुत थे। उसके बहनोई गौरव ने विरोध किया तो सभी मिलकर पीटने लगे। अन्य परिजनों ने बीच-बचाव किया तो आदिल ब्लेड निकालकर हमलावर हो गया। उसने ब्लेड चलाई जो उनके गाल पर गहरा घाव कर गई। जिस पर 25 टांके लगे हैं। प्रीति के गाल पर 10 टांके आए। पलक के बाएं हाथ में चोट है। पता चलने पर आरोपी पक्ष से महिलाएं भी आकर मारपीट करने लगीं। आरोपियों की तरफ से किसी ने राधा की उंगली में काट लिया। महिलाओं के लहुलूहान होने की खबर पाकर उनके पक्ष से लोग पहुंचे, तब जाकर विवाद कुछ शांत हुआ। सूचना पर किदवईनगर पुलिस पहुंची, उससे पहले आरोपी भाग निकले। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि महिला की तहरीर पर आदिल, दिशांत समेत अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है। आदिल को जेल भेजा गया है। अन्य की तलाश जारी है।



ऑटो चालक के हमले में घायल महिलाएं। अमृत विचार



आरोपी आदिल अमृत विचार

- खरीदारी करने जा रही थीं महिलाएं, हमले में मां व बेटी समेत पांच लोग हुए घायल

### थाने के सामने चली ब्लेड, पुलिस ने टरकाया

- पीड़ित पक्ष के अनुसार यह पूरी घटना जूही थाने के सामने हुई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को लहूलुहान हालत में देखा। हंगामा व चीख-पुकार सुना। उसके बाद भी शांत कराने, बीच-बचाव के लिए सामने नहीं आए। आरोप है कि जूही पुलिस ने मदद तो दूर घटनास्थल किदवईनगर थाने का बताकर टरका दिया। उसके बाद यूपी 112 पर सूचना देने के बाद भी करीब एक घंटे बाद पुलिस पहुंची। तब तक ब्लेड से हमला करने वाले भाग चुके थे।

### नशे में चालकों की अराजकता

- बारादेवी चौराहा के पास ही नहीं इसी तरह की ऑटो चालकों की अराजकता किदवईनगर, नौबस्ता, यशोदानगर बाइपास, बर्रा व गोविंदनगर चावला और नंदलाल चौराहा उसके आसपास आटो और ई-रिक्शा चालकों की अराजकता दिनभर देखी जा सकती है। बीच सड़क पर ऑटो खड़ा करके सवारियां बैठाना। सड़क पर जमावड़ा, जाम की स्थिति। विरोध पर गाली-गलौज। यह तब है जब यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। पीड़िता के अनुसार ऑटो चालकों की इतनी दबंगई है कि राहगीर भी न विरोध करते और न उलझते हैं।

# यूपीसीडा के भूखंडों की नीलामी 27 फरवरी को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) प्रबंधन ने कुछ औद्योगिक क्षेत्रों के औद्योगिक और व्यावसायिक भूखंडों को नीलामी प्रक्रिया से आवंटित करने की कवायद शुरू की है। प्राधिकरण 27 फरवरी को भूखंडों की नीलामी करेगा।

यूपीसीडा द्वारा प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक और औद्योगिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी आयोजित की जा रही है। मथुरा, अमेठी, संभल, झांसी, जालौन, शाहजहांपुर, हमीरपुर, लखनऊ, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर और फतेहपुर में औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्नाव स्थित औद्योगिक क्षेत्र में व्यावसायिक भूखंडों में बैंक्वेट हॉल, क्लब, कम्युनिटी सेंटर, अस्पताल, नर्सिंग होम, ऑफिस/बीपीओ, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वेट ब्रिज, नर्सरी स्कूल, वर्किंग वूमेन हॉस्टल आदि भूखंडों की नीलामी करेगा। इसी तरह अमेठी में वर्कशॉप/सर्विस स्टेशन, प्रयागराज एवं उन्नाव में होटल, बाराबंकी, हरदोई एवं उन्नाव में प्राथमिक विद्यालय, बाराबंकी, हमीरपुर एवं उन्नाव में ग्रुप हाउसिंग, हरदोई में हाई स्कूल, अमेठी में डिस्पेंसरी, प्रयागराज में मल्टीप्लेक्स, बाराबंकी, औरैया एवं प्रयागराज में वेयरहाउसिंग के प्लाट नीलाम किए जाएंगे। इस मेगा ई नीलामी के लिए पंजीकरण एवं दस्तावेज़ डाउनलोड का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। कैटलॉग, प्रोसेसिंग फीस एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी निर्धारित की गई है। ऑनलाइन दस्तावेज़ अपलोड करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी है, जबकि ऑनलाइन ई-बिडिंग 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इच्छुक निवेशक ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी के लिए यूपीसीडा की अधिकृत नीलामी पोर्टल https://upsida.project247.in/— पर विज़िट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए 'निवेश मित्र पोर्टल' पर भी आवेदन उपलब्ध है।





स्कूली बच्चों को पौधे बांटे गए। अमृत विचार

# स्कूल में बच्चों को ट्री गार्ड और पौधे बांटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्रीन ब्लू जस्टिस 365 डेज अभियान के तहत सनातन धर्म स्कूल में आयोजन

**अमृत विचार।** प्रेरणा संस्था के तत्वावधान में ग्रीन ब्लू जस्टिस 365 डेज अभियान के अंतर्गत श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर स्कूल कौशलपुरी में 55 ट्री गार्ड सहित, 55 पेड़ों का वितरण बच्चों को किया गया।

कानपुर सहोदया स्कूल्स की सचिव व विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभा दास ने कहा कि स्कूल के बच्चों के द्वारा पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करने की मुहिम शुरू करना एक शानदार पहल है। ग्रीन ब्लू जस्टिस 365 डेज अभियान के संस्थापक गौरव बाजपेई ने बताया कि इस अभियान के तहत बच्चों को स्कूल के माध्यम से पेड़ लगाने का प्रोजेक्ट दिया जा रहा है जिसमें हर 2 महीने में बच्चों को अपने पेड़ की फोटो खींचकर फाइल में लगानी होगी वर्ष के अंत में पेड़ को सफलता पूर्वक बड़ा करने वाले बच्चों को स्कूल प्रोजेक्ट के तहत 5 से 10 नंबर दिए जाएंगे, इससे आज से 10 साल बाद भी स्कूल के यह प्रोजेक्ट पूरे कानपुर को हरा भरा कर रहे होंगे और बच्चे प्रकृति से जुड़ कर प्रकृति का संवर्धन करने का तरीका भी सीखेंगे।

इंचार्ज मौसमी आर्या ने कहा कि बच्चों को इन पेड़ों का संरक्षण करना है तभी हम शहरों में घटती हरियाली की समस्या को खत्म कर पाएंगे। इको क्लब के करीब 80 बच्चों ने अभियान में पार्टिसिपेट किया जिसमें मुख्य रूप से वैष्णवी शुक्ला, असावरी शर्मा, अवंशिका गुप्ता,अदिति सिंह,आद्या यादव, शाम्बवी पॉल, दिशा कपूर, कुशाग्र कलानी, प्रत्यूष मौजूद रहे।

# डॉक्टर बोलीं-चेस्ट अस्पताल में नहीं है आईसीयू, मरीज को ले जाओ हैलट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉक्टर व मरीज के बीच बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं होने की बात कहकर मरीज को भर्ती नहीं किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में तीमारदार महिला डॉक्टर से उनको धरती का भगवान होने का जिक्र करते हुए भर्ती करने की मिन्नत कर रहे हैं। लेकिन डॉक्टर नहीं पसीजी और मरीज को भर्ती नहीं किया।

डॉ.मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में वर्तमान में पांच आईसीयू हैं, जो मरीजों से भरे रहते हैं। जिला जालौन से टीबी मरीज लेकर दो दिन पहले तीमारदार चेस्ट अस्पताल पहुंचे तो यहां पर डॉक्टर ने मरीज को तो देखा, लेकिन मरीज को आईसीयू की जरूरत बताकर महिला डॉक्टर उसे हैलट अस्पताल ले जाने को बोलने लगी। इसी बीच डॉक्टर व तीमारदार के बीच की वार्ता का वीडियो किसी ने मोबाइल पर कैद कर लिया। वायरल वीडियो में महिला डॉक्टर बोल रहीं हैं कि यहां पर आईसीयू नहीं है। मरीज को हैलट ले जाओ। तीमारदार कहता है कि डॉक्टर धरती के भगवान होते हैं, कुछ कीजिये। तब डॉक्टर बोलतीं हैं कि आईसीयू नहीं है, हैलट में भी टीबी का इलाज होता है। तीमारदार वीडियो में काफी मिन्नतें करते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद मामले को चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.अवधेश कुमार ने संज्ञान में लिया। उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टर की तैनाती का पहला दिन था, इसलिए उन्हें जानकारी नहीं थी। मरीज को डॉ.संजय वर्मा के अधीन भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं, महिला डॉक्टर को इमरजेंसी से हटाकर वार्ड में कर दिया गया है। साथ ही मरीज से सही से पेश आने की भी नसीहत दी गई है।

### नृत्य



श्री सालासर बालाजी महिला जी मण्डल वा सवारियां महिला मण्डल द्वारा नानाराव पार्क में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथाव्यास कृष्णचंद ने कहा भगवान कृष्ण और सुदामा की निस्वार्थ मित्रता की कथा का श्रवण कराया। राधा- कृष्ण के साथ फूलों की होली ने हर किसी का मन मोह लिया। कथा में मुख्य रूप से कथा यजमान संतोष सोनी, मनोज सोनी, सचिन सोनी, आनन्द मोदी, ज्ञानेन्द्र विश्नोई उपस्थित रहे। • अमृत विचार

# ट्रेन के आगे कूद कर दे दी जान

**कानपुर।** रेलबाजार में सुजातगंज रेलवे क्रासिंग के पास एक ई-ऑटो चालक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। युवक के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं है। रेलबाजार थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार शाम सुजातगंज स्थित रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक ट्रेन के आगे कूद गया। पता चला कि युवक ई-ऑटो लेकर पहुंचा था, जिसके बाद उसने पास ही ऑटो खड़ा कर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

**उम्मीद** | सांसद रमेश अवस्थी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से की मुलाकात

# दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, पुणे की फ्लाइट मांगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात कर कानपुर से दिल्ली की अतिरिक्त फ्लाइट औरकोलकाता, अहमदाबाद, पुणे के लिए फ्लाइट की मांग की।

सांसद ने मंत्री को बताया कि औद्योगिक नगरी कानपुर से बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति, छात्र एवं आम नागरिक दिल्ली सहित देश के विभिन्न महानगरों की यात्रा करते हैं। वर्तमान में सीमित उड़ानों के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दिल्ली के लिए एक और नियमित फ्लाइट अत्यंत आवश्यक है। इस पर उड्डयन मंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया कि कानपुर से दिल्ली के लिए एक और फ्लाइट जल्द प्रारंभ की जाएगी।

उन्होंने मौके पर मौजूद इंडिगो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कानपुर-दिल्ली सेक्टर में शीघ्र अतिरिक्त उड़ान शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएं। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि कोलकाता, अहमदाबाद और पुणे जैसे प्रमुख व्यापारिक एवं शैक्षणिक शहरों के लिए भी सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ करने से कानपुर के औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी।

मुलाकात के दौरान सिविल एयरपोर्ट के चेयरमैन भी मौजूद रहे और उन्होंने कानपुर एयरपोर्ट की वर्तमान स्थिति तथा संभावित विस्तार योजनाओं की जानकारी मंत्री को दी।



नागरिक उड्डयन मंत्री से भेंट करते सांसद रमेश अवस्थी अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### कानपुर से खजुराहो के लिए विशेष ट्रेन चली

**कानपुर**। बागेश्वर धाम जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल से खजुराहो के लिए एक विशेष ट्रेन का संचालन किया गया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह ने बताया कि यह विशेष ट्रेन कानपुर सेंट्रल स्टेशन से सायं 6:10 बजे खजुराहो के लिए रवाना हुई। इस विशेष व्यवस्था से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ प्राप्त होगा।

### सेंट्रल पर ऑपरेशन मेरी सहेली टीम का गठन

**कानपुर**। मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त विजय प्रकाश पंडित के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल, द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर 'ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान टीम का गठित की गई है।

### सैयद हाशमी मियां किछौछवी 16 को आएंगे

**कानपुर**। चुन्नीगंज स्थित हजरत जैनुल आब्दीन शाह उर्फ छोटे भैया बड़े भैया के उर्स के मौके पर 16 फरवरी को किछौछा शरीफ के सैयद हाशमी मियां किछौछवी जलसे को खिताब फरमायेंगे। सैयद शाह का उर्स 16, 17 व 18 फरवरी को मनाया जाएगा। तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल अजहरी ने जानकारी दी।

# एआई से शोध में परिणाम तो मिल रहे पर सटीकता है कम

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। दवाओं की खोज और रिसर्च में एआईपरिणाम बेहतर ला रहा है। इससे नई दवाएं बनाने में लगने वाला समय और लागत भी काफी कम हो गई है। यह लाखों डेटा का विश्लेषण कर कैंसर जैसी बीमारियों के लिए सटीक दवाओं की भविष्यवाणी, प्रोटीन संरचना को समझने और क्लिनिकल परीक्षणों को तेज करने में मददगार है, जो पारंपरिक तरीकों की तुलना में अधिक सुरक्षित और कुशल है। एआई से शोध में परिणाम तो बेहतर मिल रहे हैं, लेकिन सटीकता कम आ रही है। यह जानकारी प्रयागराज से आए डॉ.आलोक मुखर्जी ने दी।


डॉ.आलोक मुखर्जी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के फार्मेसी विभाग ने शुक्रवार को विकसित भारत के लिए औषधीय विज्ञान में नई शुरुआत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमे चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह को शामिल होना था, लेकिन बजट सत्र की वजह से वह सम्मेलन में शामिल नहीं हो सके।


पुस्तक का विमोचन करते डॉक्टर्स। अमृत विचार

### आधुनिक शोध केवल तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं

- लखनऊ स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से आए डॉ. गौरव कैथवास ने कहा कि आधुनिक शोध केवल तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों का समावेश अनिवार्य है।



### नई डिलीवरी सिस्टम रोगी प्रभावशील

- लखनऊ, केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में मुख्य वैज्ञानिक डॉ.मनीष के चौरसिया ने उन्नत औषधि वितरण प्रणालियों, लक्षित दवा वितरण व फार्माकोकाइनेटिक्स के आधुनिक दृष्टिकोणों पर जानकारी दी। इसके अलावा केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पादप संस्थान में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नारायण प्रसाद यादव ने स्वदेशी संसाधनों पर आधारित औषधि विकास की संभावनाओं पर चर्चा की।

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ.दीपेंद्र सिंह ने कहा कि शोध से गंभीर बीमारियों के लिए नई, सुरक्षित और अधिक प्रभावी दवाएं विकसित होती हैं।

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन नई दिल्ली से डॉ. निखिल कुमार ने कहा कि शोध से जेनेरिक और सस्ती दवाओं का विकास संभव होता है, शोध से बीमारियों का जल्दी पता लगाने और उन्हें रोकने के बेहतर तरीके मिलते हैं। जॉइंट डायरेक्टर चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण डॉ. सचिन कुमार ने कहा कि यह स्थानीय स्तर पर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देता है, जिससे देश को नई दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने कहा कि देश के भविष्य के लिए शोध कार्य जरूरी है। सम्मेलन में फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अजय कुमार शर्मा ने मंच पर मौजूद अतिथियों के साथ पुस्तक का विमोचन किया।

# घर में अकेले युवक ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। बर्रा में घर में अकेले युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर तोड़ा गया। एकलौते बेटे का शव लटका देख कोहराम मच गया।


देवेंद्र कुमार।

विश्व बैंक ई-ब्लाक निवासी 18 वर्षीय देवेंद्र कुमार अवस्थी उर्फ केशव पनकी स्थित फिनायल फैक्ट्री में नौकरी करता था। फैक्ट्री में ही उसकी मां गीता व पिता स्व. नरेंद्र कुमार भी नौकरी थे। पिता की बीती पांच अगस्त को बीमारी के चलते मौत हो गई थी। परिवार में दादी कृष्णाप्यारी, बाबा फूलसिंह और दो बहनें शादीशुदा वर्षा व छोटी पलक हैं। बाबा के अनुसार शुक्रवार सुबह केशव अपनी मां के साथ फैक्ट्री गया था, लेकिन वह दोपहर एक बजे घर लौट आया।

### किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- **कानपुर**। बर्रा में 14 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे पर बेटे का शव लटका देख विकलांग पिता फफक पड़े। छेदी सिंह का पुरवा निवासी चंद्र शेखर लोहे के कारखाना में काम करते हैं। परिवार में पत्नी किशना, दो बेटियों, छोटा बेटा अनुराग व बड़ा 14 वर्षीय आकाश था। पिता के अनुसार बेटे ने पढ़ाई छोड़ दी थी और पिज्जा सेंटर में काम करने लगा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार बेटा काम पर नहीं गया था, इस पर उसके मालिक उसे घर लेने आ गए। जब परिजन कमरे में उसे बुलाने गए तो शव फंदे से लटका पाया। बेटे ने यह कदम क्यों उठाया, उसकी वजह स्पष्ट नहीं है। उसका मोबाइल पुलिस ने जांच के लिए कब्जे में लिया है।


आकाश।

### जहरीला पदार्थ पीकर युवक ने दी जान

- **कानपुर**। काकादेव में शराब के नशे में युवक परिजनों से भिड़ गया। विवाद के बाद उसने जहरीला पदार्थ पी लिया जिससे मौत हो गई। गीतानगर निवासी 37 वर्षीय अभय तिवारी निजी बैंक में नौकरी करते थे। अभय की पत्नी रिचा प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में शिक्षिका हैं। प्रिंटिंग प्रेस संचालक पिता आलोक ने बताया कि बड़ा बेटा अजय भाजपा में गीतानगर मंडल उपाध्यक्ष है। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात अभय शराब के नशे में घर आया था। नशे की हालत में उसका परिजनों से विवाद हुआ। इसपर परिजनों ने इसकी शिकायत उनके छोटे भाई रजनीश तिवारी से की, जो बसपा से पूर्व विधायक प्रत्याशी हैं। मामला शांत होने पर अभय ने देर रात घर में रखा जहरीला पदार्थ पी लिया। उल्टियां होने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया। हैलट में उसकी मौत हो गई।

### मेट्रो का काम जारी सड़क नहीं सुधारी

**कानपुर**। विजयनगर से दादानगर और दादानगर से विजयनगर तक मेट्रो का काम जारी है पर दोनों ही लेन पर बदहाल हो गई सड़क एक साल से भी ज्यादा समय से नहीं सुधारी गई। दोनों तरफ की लेन पर सड़क ऊबड़-खाबड़ है जिसपर दिनभर वाहन रेंगते हिचकोले खाते चलते हैं। आधी सड़क पर तो मिट्टी डाल दी गई है।


संगोष्ठी में शामिल वक्ता। अमृत विचार

### दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**कानपुर**। अर्मापुर पीजी कॉलेज व हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयागराज की ओर से दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई। 'हिन्दी साहित्य में राष्ट्रीय सरोकार काव्य के विशेष सन्दर्भ में' विषय पर हुई संगोष्ठी का आयोजन आर्मापुर पीजी कॉलेज में हुआ। संगोष्ठी की शुरुआत अभिनेता एवं साहित्यकार अखिलेन्द्र मिश्र ने किया। इस दौरान आलोक कुमार, वरिष्ठ महाप्रबन्धक आयुध निर्माणी, मुख्य अतिथि प्रो. हितेन्द्र मिश्र निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि प्रो. विवेक द्विवेदी, प्राचार्य ब्रह्मानन्द पीजी कालेज और प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। साहित्यकार अखिलेन्द्र मिश्र ने शिव के डमरू से निकले 14 महेश्वर सूत्र से जोड़कर अपने व्याख्यान को शुरू किया। शाम को काव्य संध्या में गीतकार डा. सुरेश अवस्थी, वरिष्ठ गजलकार बीएचयू वशिष्ठ द्विवेदी, , गीतकार डॉ. अंसार कम्बरी, गीतकार प्रो. मुकेश कुमार सिंह, गीतकार शिखा मिश्रा ने अपने कविताओं, गजल-गीतों से समां बांधा।

# झांसा देकर महिला ने 6.50 लाख रु. हड़पे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। हनुमंत विहार में आबकारी विभाग में तैनात महिला सिपाही ठगी का शिकार हो गई। आरोपी महिला ने खुद को इन्कम टैक्स में दरोगा बताकर लिया 6.50 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है पैसे मांगने पर एससी-एसटी के झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पुलिस ने शुरू की है।

खाड़ेपुर कालोनी निवासी संगीता देवी आबकारी विभाग में सिपाही हैं और उन्नाव में तैनात हैं। संगीता के अनुसार झांसी के पूंछ बाबई रोड निवासी सविता सिंह उर्फ सविता देवी उर्फ शिवांगी सिसौदिया उर्फ पिंकी गौतम से उनकी मुलाकात यात्रा के दौरान बस में हुई थी। उसने खुद इन्कम टैक्स में दरोगा बताया। कहा कि वह लखनऊ के विभूतिखंड स्थित कार्यालय में कार्यरत हैं और उसके पति विवेक गौतम फजलगंज में एसआई हैं। जून 2021 में उनके पति की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। उनके बीच बातचीत शुरू होने पर आरोपी ने 6.50 लाख रुपये की जरूरत बताई। कहा कि उसे नौकरी से निकाल दिया जाएगा। 15 दिनों में रुपये लौटाने का भरोसा दिया। पीड़िता के अनुसार दिसंबर 2021 में उसने बैंक से रुपये निकालकर दे दिए। समय बीतने के बाद महिला ने टालमटोल शुरू कर दी। इसी बीच उसे पता चला कि वह जालसाज है। उसके खिलाफ बिठूर व नजीराबाद थाने में भी मामले दर्ज हैं। उसे रकम लौटाने का दबाव बनाया तो उसने धमकाना शुरू कर दिया। हनुमंत विहार थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी महिला के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### एप डाउनलोड करते ही खाते से 1.91 लाख पार

- **कानपुर**। जाजमऊ में एक महिला ने मोबाइल पर एप डाउनलोड किया तो उनके खाते से दो बार में 1.91 लाख रुपये निकल गए। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है। जाजमऊ के दुर्गा विहार निवासी सुनीता पाल के अनुसार बीती 12 फरवरी 2026 को उन्होंने मोबाइल में एक एप डाउनलोड किया। इसके कुछ देर बाद ही उनके खाते से दो बार में 1.91 लाख रुपये उड़ गए। बुधवार को उन्होंने जब अपना अकाउंट चेक किया तो खाते से पैसे गायब होने की जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत साइबर सेल और जाजमऊ थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से शातिरों की तलाश की जा रही है।

# पनकी में बेकाबू डंपर ने युवक को घसीटा, मौत

- भाटिया तिराहा के पास पुल पर हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम
- चालक सड़क किनारे डंपर खड़ा कर फरार, ड्यूटी जा रहा था युवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। पनकी में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। डंपर में फंसकर युवक करीब 10 मीटर तक घिसटता गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल है।


मनोज कुमार।

सचेंडी के भीमसेन निवासी 37 वर्षीय मनोज कुमार बाल्मीकि मालरोड स्थित निर्माणाधीन अपार्टमेंट में तीन साल से नौकरी कर रहे थे। परिवार में पिता पवन, मां साबित्री, भाई विनोद और गर्भवती पत्नी किरन के साथ एक ढाई वर्षीय बेटा हार्दिक है। भाई ने बताया कि मनोज राजमिस्त्री थे। शुक्रवार सुबह वह बाइक से काम के लिए निकले थे। उनके साथ गांव का ही युवक विवेक था। उन्होंने बताया कि भाटिया तिराहा से पहले पुल पर तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद विवेक व मनोज उछलकर सड़क पर गिरे। हादसा देखकर भागने के प्रयास में डंपर चालक ने रफ्तार तेज कर दी। मनोज डंपर में फंसकर करीब 10 मीटर तक घिसटता गया। इसके बाद डंपर का पहिया बाइक व मनोज के ऊपर से गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक और घायल। अमृत विचार

डंपर सड़क किनारे खड़ा कर चालक भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की खबर दी। गर्भवती पत्नी व परिजनों में कोहराम मच गया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर चालक व मालिक का पता लगाया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।

### दबंगों ने साथी को पीटकर चढ़ाई कार

**कल्याणपुर**। रावतपुर में दबंगों ने विवाद होने पर अपने साथी को पीट दिया। जान बचाकर भागे युवक का पीछा कर दबंग कार से टक्कर मारते हुए भाग निकले। पनकी के नुनियनपुरवा निवासी नन्के सिंह के अनुसार बीती छह फरवरी को उनका बेटा संजय चौहान अपने कारोबारी दोस्त आवास विकास तीन निवासी दुर्गेश शर्मा व नुनियन पुरवा निवासी संजय सिंह के साथ रावतपुर गोपाला टावर के पास गया था। साथी है कि यहां किसी बात को लेकर उनके बेटे व दुर्गेश शर्मा के बीच विवाद हो गया। जिस पर दुर्गेश व साजन ने बेटे के साथ मारपीट शरू कर दी। बेटे का पीछा कर दबंग ने कार से उसे टक्कर मार दी।

# सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर को पीटा

**कानपुर**। एक निजी सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर ने आरोप लगाया है कि साथी कर्मी से कहासुनी होने पर उसने साथियों के साथ मिलकर मारापीटा। मूलरूप से उमरी के गांव गुगुरा निवासी कुलदीप सिंह के अनुसार वे एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं, वर्तमान में रूमा स्थित एक कार शोरूम कंपनी में उनकी तैनात हैं। उन्होंने बताया कि बीती 10 फरवरी को वह डयूटी पर थे। इस दौरान उनकी साथी कर्मी नीशू यादव से कहासुनी हो गई। वह रात को ड्यूटी से साथी कर्मी शिशुपाल के साथ अपने घर जा रहे थे। इसी बीच आरोपी नीशू साथियों के साथ मिलकर उन्हें चकेरी फ्लाइओवर पर रोक लिया। आरोपियों ने मारपीट की। धमकी देकर भाग निकले। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


समझौता पत्र दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

# डीएवी ने साइन किया एमओयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। फोरम फॉर ग्लोबल स्टडीज और दयानंद एंग्लो-वैदिक (पीजी) कॉलेज के बीच एक एमओयू साइन हुआ। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय संबंधों, उभरती प्रौद्योगिकियों और नीति अनुसंधान के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देना है। दोनों संस्थान मिलकर कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम (हाइब्रिड मोड) शुरू करेंगे। इसके अलावा अनुसंधान और इंटर्नशिपः साइबर सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय संबंधों जैसे उभरते विषयों पर संयुक्त शोध दल गठित किए जाएंगे। इसके साथ ही छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के लिए इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह समझौता पांच वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन (मई-जून) और शीतकालीन (दिसंबर-जनवरी) प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल होंगे। इस दौरान संस्था के संस्थापक निदेशक डॉ. संदीप त्रिपाठी, डीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित ने एमओयू पर साइन किया।

**हेल्थ अलर्ट** — हैलट के बाल रोग अस्पताल में विशेषज्ञों ने जताई चिंता

# एनीमिया गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। मेडिकल कॉलेज के सभागार के विश्व एनीमिया दिवस पर बाल रोग विभाग के सभागार में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व महिलाओं में बढ़ती एनीमिया की समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसके समयबद्ध निदान व उपचार के महत्व को रेखांकित करना रहा। भारत में एनीमिया एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन गई है।



एनीमिया से बचाव की जानकारी देते डॉ.शैलेंद्र गौतम, डॉ.अमितेश यादव।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स कानपुर शाखा के अध्यक्ष डॉ.जेके गुप्ता ने बताया कि भारत की एक बड़ी आबादी, विशेषकर बच्चे, प्रजनन आयु की महिलाएं (15-49 वर्ष), और किशोरियां एनीमिया की गंभीर चपेट में हैं। इसलिए भारत में एनिमिया एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन गया है। छह माह से पांच वर्ष तक के 67 फीसदी बच्चे और 39 फीसदी किशोरियां व गर्भवतियां एनीमिया की शिकार है, जो काफी चितांजनक है। इसमे प्रमुख रूप में आयरन की कमी, कुपोषण, बार-बार सकंमण व कृमिरोग कारण है। विशेषज्ञों ने बताया कि हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें चना, गुड़, मूंगफली, अंकुरित अनाज व विटामिन-सी युक्त आहार के नियमित सेवन से एनिमिया की रोकथाम संभव है, साथ ही नियमित कृमिनाशन व आयरन फोलिक एसिड की निर्धारित खुराक अत्यन्त आवश्यक है। विशेषज्ञों ने अभिभावकों से अपील की है कि वह बच्चों में कमजोरी. थकान, चक्कर आना, पढ़ाई में ध्यान न लगना या बार-बार संक्रमण जैसे लक्षण दिखाई दें तो लापरवाही बिल्कुल न बरतें और डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। बाल रोग विभाग में प्रोफेसर डॉ.अरुण कुमार आर्या ने कहा कि छोटी-छोटी बातें सोचने और अधिक समय तक तनाव में रहने से बच्चे, किशोरियों व महिलाओं के शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है, इससे भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अलावा फॉस्ट फूड का अधिक सेवन से शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं बन पता है। डॉ.यशवंत राव के मुताबिक मैदा युक्त भोजन के सेवन से बच्चों, किशोरी व महिलाओं में एनीमिया की समस्या बढ़ी है। इस दौरान बाल रोग विभागाध्यक्ष व अकादमी के सचिव डॉ.शैलेंद्र गौतम, बाल रोग के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, इंटर्न, पीजी छात्र व अभिभावक रहे।

### अंडरग्राउंड केबिल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

**कानपुर**। फजलगंज में अंडरग्राउंड केबिल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर पिकअप चालक को केबिल समेत गिरफ्तार किया है, जबकि सरगना व साथी फरार हैं। फजलगंज थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि गुरुवार देर रात जीटी रोड पर जरीब चौकी और गुमटी क्रासिंग के बीच एक पिकअप से आप्टिकल फाइबर केबिल ओएफसी लादकर आरोपी ले जा रहे थे। यह देखकर टोका तो चार शातिर भाग निकले। इसी बीच चालक को घेरकर पिकअप समेत पकड़ लिया गया। पकड़े गए चालक ने अपना नाम जाकिर शाह व नमक फैक्ट्री का निवासी बताया। बताया कि मूलरूप से शाहजहांपुर के दलेलगंज का रहने वाला है। जो फरार हुए हैं उसमें पिकअप मालिक और सरगना शहबाज और उसके साथी हैं। शातिर ओएफसी केबिल चोरी कर कबाड़ में बेचते हैं।

# जबरन शारीरिक संबंध बना ब्लैकमेल का आरोप लगाया

- घर में काम करने वाली पर आरोप, बहाने से होटल बुलाकर बनाया वीडियो
- बदनाम करने की धमकी देकर रुपये वसूले, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। चकेरी में युवक ने आरोप लगाया है कि उनके घर पर काम करने वाली नौकरानी ने बहाने से होटल बुलाया। इसके बाद जबरन उनके साथ शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो बना लिया। इसके बाद बदनाम करने की धमकी देकर उनसे रुपये ऐंठती रही। नौकरानी ने पांच लाख की मांग की। जिस पर पीड़ित समेत उसके परिजनों ने उसके घर जाकर विरोध किया तो सभी ने मिलकर उन्हें धमकाया। पीड़ित युवक ने कोर्ट के आदेश पर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी निवासी युवक के अनुसार उनके वृद्ध पिता की ओपेन हेड सर्जरी हो चुकी है। मां भी अस्वस्थ रहती हैं। यहीं कारण है कि देखभाल के लिए 2022 में एक नौकरानी रखी थी। युवक के अनुसार महिला अक्सर काम पर नहीं आती थी। वजह पूछने पर बहाना बनाती। पति प्रताड़ित करता है, बताकर उसने हमदर्दी हासिल कर ली।

अगस्त 2025 में सोनी ने मौका पाकर उनकी मां की चेन, कान के टॉप्स और दो हजार रुपये चुरा लिए। इस पर उसे काम से निकाल दिया। उसके बाद उसके पति ने उसके और एक मित्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

आरोप है कि महिला ने दो शादियां की है। पीड़ित के अनुसार बीती 29 अगस्त को सोनी ने उन्हें बहाने से रामादेवी स्थित एक होटल में बुलाया और धमकाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसका उसने वीडियो बना लिया। इसके बाद बदनाम कर देने की धमकी देकर रुपये ऐंठती रही।

जब उसने अपने परिजनों को आपबीती बताई तो उसके घर गए। जहां उसके परिजनों ने धमकाया। परिवार के साथ अपनी फोटो जोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल करने लगी। फिर मामला खत्म करने के लिए पांच लाख मांगे। पीड़ित ने इसकी पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### मंदिर बनें संस्कार व शक्ति के केन्द्र

**कानपुर।** सीसामऊ स्थित श्री ठाकुर राधाकिशन जी महाराज बिराजमान मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्रीराम ने कहा कि हिन्दुओं के धर्मस्थल आस्था और पूजा स्थल के साथ साथ संस्कार, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं शक्ति के केन्द्र बनने चाहिए। ये समय की आवश्यकता है। इन केन्द्रों में लोगों को प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जाये। तभी भक्ति के साथ शक्ति भी बनेगी। उन्होंने मंदिर में संचालित सिलाई एवं ब्यूटीशियन केन्द्र की 40 प्रशिक्षित बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित किये। ये बताया गया कि प्रशिक्षित अधिकांश प्रशिक्षार्थियों को जॉब मिले तथा अनेक छात्राओं ने अपने स्वयं के केन्द्रों का संचालन प्रारम्भ किया है। कार्यक्रम में अशोक मसाले समूह के सचिन व शिखा गुप्ता, पूर्व सांसद व महापौर जगतवीर सिंह द्रोण, सुनील मंगल, उमा शुक्ला, जेपी. सिंह, बिहारी लाल गुप्ता, गिरीश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, गोपी खण्डेलवाल, मणिकान्त जैन, मुकुन्द मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा बब्बू, राकेश दासन को सम्मानित किया गया।

### महिला की मौत में पति व ससुर गिरफ्तार

**कानपुर।** रावतपुर क्षेत्र स्थित शिवनगर मसवानपुर में बुधवार को वंदना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार को परिजनों की तहरीर के आधार पर दहेज हत्या, प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में आरोपी पति अमरजीत और ससुर रामबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दबौली बाजार में कब्जों से आफत

**कानपुर।** दक्षिण शहर के प्रमुख बाजार दबौली में दुकानदारों ने सड़क तक अतिक्रमण कर लिया है। सड़क तक दुकानें और सामान सजा लिया जाता है और उसके आगे ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। इस कारण शाम के समय सड़क से निकलना दूभर होता है। चार पहिया तो दूर, दोपहिया वाहन भी निकल नहीं पाते हैं और जाम लगा रहता है। इसी सड़क पर दुर्गा मंदिर होने से त्योहारों के समय तो पैदल चलना भी दूभर होता है।

# गंगा पुल के जाम में फंसे अखिलेश ने ट्वीट किया

- कानपुर प्रशासन को जाम दिखाई नहीं देता, मोतियाबिंद हो गया
- गंगा पुल के पास सपा कार्यकर्ताओं को करना पड़ा घंटों इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कानपुर आ रहे सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गंगा पुल पर लगे जाम में फंस गये जिसपर उन्होंने ट्वीट किया। पूर्व सीएम ने कहा कि स्मार्ट सिटी कानपुर का नाम जामपुर सिटी रख दें।

सिविल लाइंस स्थित सपा के नगर अध्यक्ष फजल महमूद के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व सीएम ने कहा कि कानपुर प्रशासन को मोतियाबिंद हो गया है, उन्हें जाम दिखाई नहीं देता है। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया: दावा तो ये है कि लखनऊ से कानपुर 45 मिनट में पहुंचा देंगे, 'उल्टी गणितवालों से सब पूछ रहे हैं कि दो स्मार्ट सिटी के बीच में ये जो गंगा ब्रिज पर 90 मिनट का जाम लगता है, वो इसमें शामिल है या अनुपूरक बजट की तरह इसकी बात अलग से की जाएगी। भाजपाइयों की यही सबसे बुरी बात है कि जितना बताते नहीं हैं, उससे दोगुना छिपाते हैं। गंगापुल पर घंटों लोग जाम में फंसे रहते हैं क्योंकि शहर की डिजाइन तक सही नहीं है, सड़कों के चौड़ीकरण का ठेका हो सकता है भाजपा वालों ने अपने लोगों को दे रखा हो। इससे पूर्व जाजमऊ में सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत किया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर सपा मुखिया का स्वागत करने वालों में पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व विधायक गजाला लारी, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, सचिन तांगड़ी, ओम प्रकाश मिश्रा, पूर्व विधायक सतीश निगम, अहसान खां, शबाब अबरार, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, रजत मिश्रा, महेंद्र सिंह, अर्पित त्रिवेदी, शादाब आलम, दीपक खोटे, अरमान खान, कैसर हफीज, मुमताज मंसूरी, जस्वेंद्र प्रताप निषाद, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।



जाजमऊ में जाम में फंसा अखिलेश यादव का काफिला। अमृत विचार

### अमिताभ वाजपेयी के समारोह में गए अखिलेश

आर्य नगर के सपा विधायक अभिताभ वाजपेयी के पुत्र के विवाह समारोह में भी अखिलेश यादव पहुंचे। इसी प्रकार तिलक नगर समेत कई स्थानों पर अखिलेश यादव पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।



बैठक करते भाजपा नेता। अमृत विचार

## मतदाता सूची में नाम बढ़वाने में लाएं तेजी

**कानपुर।** गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिले की बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची में नाम बढ़वाने को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अनिल दिक्षित ने कहा कि पार्टी नेतृत्व की हम सबसे अपेक्षा है की एक भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रह पाए। इसके लिए हमको बूथवार आंकड़े एकत्रित करने हैं। जिन मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा मैपिंग न होने के कारण नोटिस दी गई है उनकी संख्या कितनी है यह भी जानना है और उनकी समस्या का निस्तारण कराना है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, अवधेश सोनकर, जन्मेजय सिंह, सत्येंद्र पांडे आनंद मिश्रा, प्रमोद विश्वकर्मा, सीमा एमबीए, किरन तिवारी, हर्षित श्रीवास्तव लाला, सुमन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर को भाजपा ने बदनामपुर जामपुर बना दिया : अखिलेश

## एसआईआर के नाम पर भाजपा फार्म 7 की आड़ में पीडीए के वोट कटवा रही है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि कानपुर को भाजपा ने बदनामपुर बना दिया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर कानपुर को ये भाजपाई लूट लेंगे। कानपुर में पुलिस-वकील की गुटबाजी, सीएमओ-डीएम की गुटबाजी, एनकाउंटर की स्क्रिप्ट, गंगा में गिरते नाले भ्रष्टाचार समेत कई ऐसे मामले हैं जिसने कानपुर को बदनाम करके रख दिया। उन्होंने कहा कि जगह जगह जाम से जनता परेशान होती है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष फजल महमूद के बहू बेटे को आशीर्वाद देने आए अखिलेश यादव उनके सिविल लाइंस स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की चिंता करते करते पूरा बाजार चाइना को थमा दिया। अमेरिका से डील नहीं, ढील हुई है।

गाय भैंस का चारा, मुर्गी दाना भी अमेरिका से आएगा, ऐसे में हमारे देश के किसान बर्बाद हो जाएंगे। चुनाव आयोग से मिलकर भाजपा पीडीए विशेषकर अल्पसंख्यकों का वोट कटवा रही है, फार्म 7 भरवाने की क्या जरूरत है।



कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। अमृत विचार

### 4 लाख करोड़ से हवाई जहाज खरीदने का ठेका

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 4 लाख करोड़ रुपये से जहाज खरीदने का ठेका दे दिया है और मेक इन इंडिया की बात कर रहे हैं। जब बाहर से सब कुछ खरीद रहे हैं तो मेक इन इंडिया कहां रह गया। शंकराचार्य जी को स्नान नहीं करने दिया। हथेली गरम तो पुलिस नरम। वाराणसी में मूर्तियां तोड़ दीं गईं।

### इटावा-कन्नौज-कानपुर को मिलाकर बनाएंगे मैनचेस्टर

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उनकी सरकार थी तो रिवर फ्रंट की तर्ज पर कानपुर–कन्नौज और इटावा को मिलाकर कानपुर को एक बार फिर मैनचेस्टर बनाना चाहते थे। ट्रांसगंगा सिटी को बर्बाद कर दिया। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश की अवाम बदलाव चाहती है और बदलाव होते ही मैनचेस्टर का ख्वाब पूरा करेंगे। उन्होंने वादा किया कि लाल इमली को एक बार फिर चालू करेंगे।

# मेहरबान सिंह पुरवा को अहसास कराने गए कि अभी सपा जिंदा है

**खास**

- बिना तय कार्यक्रम एक सेवानिवृत्त जज के आवास पहुंचे अखिलेश
- समाजवादी पार्टी के संस्थापक चौधरी हरमोहन सिंह का है गढ़

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी जमाने में मेहरबान सिंह पुरवा के चौधरी हरमोहन सिंह यादव मिनी मुख्यमंत्री कहे जाते थे। मुलायम सिंह यादव और चौधरी हरमोहन सिंह यादव में गहरी दोस्ती थी लेकिन बीते दिनों कुछ ऐसा हुआ कि मेहरबान सिंह का पुरवा से अखिलेश यादव की दूरियां बढ़ गईं। हरमोहन सिंह यादव के बेटे चौधरी सुखराम सिंह लंबे समय तक सपा में रहने के बाद भाजपा के करीब आ गए। इसके बाद कहा जाने लगा कि मेहरबान सिंह पुरवा में सपा का किला धंसक गया। इस आशंका को दूर करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अचानक एक पूर्व जज के आवास पर मेहरबान सिंह पुरवा पहुंच गये।

शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव को सिविल लाइंस स्थित सपा नगर अध्यक्ष फजल महमूद एवं आर्य नगर के सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी के यहां शादी समारोह में शिरकत करना था लेकिन अचानक अखिलेश का प्रोग्राम बदल गया। दोपहर 12 बजे अखिलेश का काफिला मेहरबान सिंह पुरवा में किसी पूर्व जज के आवास पर पहुंच गया।

बताते चलें कि मेहरबान सिंह पुरवा में बीते दिनों सपा के संस्थापक सदस्य रहे चौधरी हरमोहन सिंह यादव की जयंती मनायी गयी थी। जिसमें कुश्ती का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्जेरश पाठक समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे लेकिन सपा का कोई बड़ी नेता नहीं था। ऐसे में शुक्रवार को अखिलेश यादव के अचानक मेहरबान सिंह पुरवा पहुंचने के कारण पार्टी में हलचल बढ़ गई है।

### पांच घंटे अखिलेश के इंतजार में बैठे रहे आलोक मिश्रा, करिश्मा ठाकुर





शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा एवं गोविंद नगर विधानसभा के कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी करिश्मा ठाकुर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष फजल महमूद के सिविल लाइंस आवास पर लगभग पांच घंटे तक अखिलेश यादव से मिलने के लिए बैठे रहे। दोपहर 12 बजे से पहले करिश्मा ठाकुर के पिता और आलोक मिश्रा काफी देर तक बैठे रहे लेकिन जब पता चला कि अखिलेश लेट आएंगे तो करिश्मा के पिता चले गये और फिर करिश्मा ठाकुर आकर शाम पौने पांच बजे तक बैठी रहीं।

# बच्चों का कौशल निखारा जाएगा 18 स्कूलों में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले के 18 माध्यमिक स्कूलों में अब बच्चों का कौशल निखारा जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से लक्ष्य जारी कर दिया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान 2555 बच्चों को शामिल किया जाएगा। बच्चों को आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, फूड प्रोसेसिंग व अपेरल जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण दिए जाने वाले स्कूलों में कम से कम 105 व अधिक से अधिक 210 बच्चों को शामिल किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से जिले को जारी लक्ष्य पर 15 से काम शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद नए सत्र से इन स्कूलों में प्रशिक्षण की शुरुआत होगी। मिशन से जुड़े अधिकारियों की मानें तो स्कूल स्तर पर प्रशिक्षण हासिल करने के बाद स्कूली बच्चे भविष्य में अपने कौशल के जरिए रोजगार हासिल कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मिशन की ओर से जिले में लक्ष्य जारी कर दिया गया है। जल्द ही बच्चों को उनके स्कूलों में ही ट्रेड संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हो गया है। ऐसे स्कूल जहां पर प्रशिक्षण दिया जाना है सभी स्कूलों को सूचना भेज दी गई है।

# मनरेगा से बापू का नाम हटाना देश का अपमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा से बापू का नाम हटाने और मनरेगा में मजदूरों के अधिकारों से समझौता करने के विरोध में मेस्टन रोड सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा से जिलाधिकारी कार्यालय तक कांग्रेसियों ने गांधी टोपी पहनकर रामधुन गाते हुए पदयात्रा निकाली।

शुक्रवार को आल इंडिया कांग्रेस कमेटी और पीसीसी के निर्देश पर कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गयी। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बापू का मनरेगा से नाम हटाकर भाजपा ने पूरे देश का अपमान किया और भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। भाजपा हमेशा से गोडसे की भक्त रही है इसलिए मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने बापू को अपमानित करने का काम किया है। कोऑर्डिनेटर मखलू पांडे एवं आनंद प्रकाश वर्मा, हरप्रकाश अग्निहोत्री, सैमुअल लकी सिंह, मदन मोहन शुक्ला, इकबाल अहमद, निजामुद्दीन खान, अतहर नईम, शंकर दत्त मिश्रा, रितेश यादव, राजेश गौतम, पदम मोहन मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, बृजेश शर्मा, टिल्लू ठाकुर, अमनदीप सिंह, साजिद सर, हरीश बाजपेई, नरेश पाठक, आनंद शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, धवल पाण्डेय, मनोज वाल्मीकि, राकेश साहू आदि मौजूद रहे।



मेस्टन रोड से कांग्रेस की पदयात्रा निकली। अमृत विचार

# राजस्थान की नमकीन व जूट से बनी चप्पलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में 10 दिवसीय मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में शुक्रवार को लोगों की भीड़ देखने को मिली। सुशील (शक्तिमान) एंड ग्रुप, कानपुर द्वारा खादी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया, ताकि विभाग से जुड़े कुटीर उद्योगों व छोटे उद्यमियों के जीवन में आर्थिक सुदृढ़ता लाई जा सके। प्रदर्शनी में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केंद्र व स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन व विक्रय के लिए 105 स्टॉल लगाए गए हैं। राजस्थान से आए कुम्मावत नमकीन उद्योग के स्टॉल पर शुद्ध बेसन से निर्मित भुजिया, मिक्स नमकीन व बेसन के गट्टे की मांग रही। कल्पतरू सेवा संस्थान के स्टॉल पर खादी वस्त्रों हैं। देहरादून से आए व्यापारी द्वारा जूट से निर्मित लेडीज चप्पलें आकर्षण का केंद्र हैं। सक्षम इंटरप्राइजेज के स्टॉल पर मसाले की बिक्री हुई। फर्म की संचालिका अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि मसालों का निर्माण महिलाओं द्वारा किया जाता है। दिनांक 14 फरवरी को सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत रिद्ध-सिद्ध म्यूजिक एकेडमी, लखनऊ की नीलू शुक्ला द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# केस्को के 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज का उद्यमियों ने जताया विरोध

**आक्रोश**

- केस्को प्रबंध निदेशक को आपत्ति का भेजा पत्र
- व्यापारियों, उद्यमियों पर बढ़ रहा है आर्थिक बोझ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को द्वारा बिना सूचना दिए 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगा दिया गया है, जिसकी वजह से न सिर्फ उपभोक्तओं को, बल्कि व्यापारियों व उद्यमियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। वहीं, बिना बताए शुल्क लगाने से प्रबंधन की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इसके अलावा यह कदम नियामक आयोग के नियमों के विपरीत भी माना जा रहा है, जिसपर आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए पावर कॉरपोरेशन से सात दिन में जवाब मांगा है। इसी बीच शहर के उद्यमियों ने भी केस्को प्रबंध निदेशक को आपत्ति पत्र भेजकर विरोध जताया है।

दादा नगर इंडस्ट्रियल एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने कहा कि वर्तमान में सभी प्रकार के उपभोक्ताओं पर अचानक लगाए गए10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज को लेकर काफी चिंतित हैं। अधिकांश उद्यमी व व्यापारी पहले से ही विद्युत संबंधी समस्याओं, अत्यधिक दरों, पिछली अवधि के बढ़ाए गए चार्ज व पेनाल्टी से त्रस्त हैं। ऐसे में यह 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाना कानपुर के उद्योगों को बंद करने के समान होगा।

केस्को प्रबंधन यहां के उद्यमियों को प्रताड़ित करने का कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। केस्को प्रबंधक ने इस बढ़ोतरी की कोई सूचना पहले नहीं दी और न ही विद्युत नियामक आयोग से इसकी स्वीकृति प्राप्त की गई है। कहा कि दादा नगर कोआपरेटिव इस्टेट के उद्योगों से विद्युत विभाग को सबसे अधिक राजस्व प्राप्त होता है और यहां लाइन-लास शून्य है।

यहां के उद्यमी अत्यधिक बढ़े हुए हाउस टैक्स व वाटर टैक्स आदि से अभी तक उबर भी नहीं पाए थे। ऐसे में यह 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज की बढ़ोतरी से कानपुर के उद्योग व्यवसाय बंद हो जाएंगे। उद्यमी इस 10 प्रतिशत की अप्रत्याशित बढ़ोतरी का घोर विरोध करते हैं। केस्को प्रबंधन से मांग है कि इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए। नहीं तो यहां के उद्यमी अपने उद्योगों को बंद करने पर बाध्य होंगे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

**निर्देश** — जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक

# शैक्षणिक सत्र से पूर्व अभियान चला बच्चों का आधार बनवाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आधार नामांकन और अपडेट से जुड़े लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेशित किया है कि अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है और प्रवेश के समय आधार की आवश्यकता होगी, इसलिए बाल आधार संतृप्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति (डीएलएएमसी) की बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी आधार आवेदन अधिकतम 45 दिनों के भीतर निस्तारित किए जाएं। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 241 आधार किट सक्रिय हैं। जनवरी 2026 से अब तक 9093 नए आधार बनाए गए हैं, जबकि 69618 आधार अपडेट किए गए। यूआइडीएआइ एएसके केंद्र ने सर्वाधिक 2189 नए आधार और 19716 अपडेट किए। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक ने अपनी 67 किटों के माध्यम से 1253 नए आधार बनाए तथा 3781 अपडेट किए। डीएम ने 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के शतायु व्यक्तियों से जुड़े लंबित सत्यापन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आधार वेरिफिकेशन पोर्टल पर ऐसे सभी मामलों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में रजिस्ट्रार के अंतर्गत निष्क्रिय आधार किटों को तत्काल सक्रिय कर संचालन में लाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि नामांकन और अपडेट कार्य में गति लाई जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की समीक्षा:** जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर अंकित योजनाओं की भी समीक्षा की। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, आईसीडीएस पोषण अभियान, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति, सामान्य वर्ग पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, जल जीवन मिशन और फैमिली आईडी सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में फैमिली आईडी बनाने के लिए विशेष कैंप लगाए जाएं और सभी सरकारी कर्मचारियों का फैमिली आईडी बनना सुनिश्चित किया जाए। सीएमआइएस पोर्टल पर अंकित परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में डीएम ने दिए निर्देश। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### 3 हजार ने दी परीक्षा

**कानपुर।** सीआईएससीई की ओर से शहर में कक्षा 12वीं की परीक्षा आयोजित हुई। यह परीक्षा शहर के 40 परीक्षा केंद्र में हुई। परीक्षा के दौरान लगभग तीन हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान बताया गया कि अंग्रेजी का प्रश्न पत्र औसत रहा। परीक्षार्थियों को प्रश्नों को हल करने में किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। परीक्षा के दौरान कठिन माना जाने वाला प्रश्न पत्र को हल कर परीक्षार्थी संतुष्ट रहे। उधर सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया।

### सीएसए में प्रदर्शनी

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगी विश्वविद्यालय में इन्टीरीयर डिजाइन एवं स्पेस प्लानिंग विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभाग की प्रभारी डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. एलेना ताखेल्लामबाम व डॉ. स्वप्निल सिंह भी मौजूद रहीं। यह आयोजन बीएससी तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के प्रायोगिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक स्थलों के लेआउट प्लान, टूडी एवं थ्रीडी डिजाइन, आंतरिक सज्जा के नवीनतम रुझानों को दर्शाया गया।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते सलिल विश्नोई। अमृत विचार

## जन्म शताब्दी समारोह मनाया

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ औरैया के प्रथम संघचालक श्रीगोविन्द विश्नोई का जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन हुआ। मर्चेन्ट चेम्बर हॉल में हुए इस आयोजन की शुरुआत कविता सिंह के भावपूर्ण भजनों से हुई। शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि विहिप के केन्द्रीय मार्गदर्शक व प्रचारक दिनेश रहे। उन्होंने कहा कि औरैया के प्रतिष्ठित व्यवसायी, प्रमुख समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी, शिक्षा के क्षेत्र में कई विद्यालयों की स्थापना करने वाले श्रीगोविन्द विश्नोई संघ के आदर्श स्वयंसेवक थे। विपरीत परिस्थितियों में, आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर कार्य किया। राम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिन्दू जागरण मंच झारखण्ड-विहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, प्रचारक सुमन कुमार ने बताया कि राम जन्मभूमि आन्दोलन के दौरान शहीद हुए कारसेवकों के अस्थि कलश ले जाते हुए वे मार्ग दुर्घटना में स्वर्गवासी हो गये। परिवार की तीसरी और चौथी पीढ़ी के शुभा विश्नोई गुप्ता, सुरभि विश्नोई भदौरिया, शिखर विश्नोई, शाम्भवी विश्नोई, रोहिणी गुप्ता व कृषा गोयल नेभावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उद्योगपति राजकुमार लोहिया, सुरेन्द्र गुप्ता गोल्डी, विश्वनाथ गुप्ता, पीसी कुरेले, प्रान्त संघचालक भवानी भीख, प्रान्त प्रचारक श्रीराम, विधायक सलिल विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# हमको अब तक आशिकी का वो जमाना याद है...

**वेलेंटाइन डे**

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- अपने शहर में रहे, बसे, रमे कई शायरों और गीतकारों ने श्रृंगार रस में पगे गीत-गजलों से बनाई पहचान

**अमृत विचार।** अपने शहर में रहे, बसे और रमे श्रृंगार के कई ऐसे गीत-गजलकार हैं, जिनकी पहचान देश-दुनिया में है। हसरत मोहानी ने उर्दू तो गोपाल दास 'नीरज' ने हिंदी में बड़ा मुकाम हासिल किया। वेलेंटाइन-डे पर प्रेमी-युगल भी प्रेम गीतों और शायरियों के जरिये अपनी भावनाओं का इज़हार करते हैं। मौलाना हसरत मोहानी ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा चमनगंज मोहल्ले में गुजारा था। उन्होंने आजादी की लड़ाई में बड़ी भूमिका निभाई और खूब गीत-गजलें भी लिखीं। इसमें कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिट हुईं।

हसरत मोहानी की गजलें 'चुपके-चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है, हमको अब तक आशिकी का वह जमाना याद है', भुलाता हूं, लेकिन बराबर याद आते हैं, मर मिटे हम तो मगर याद कभी तूने न किया...और वह आईने में देख रहे थे बहारे हुश्न, आया मेरा ख्याल तो शरमा के रह गए... आज भी गुनगुनाई जाती हैं।

गोपाल दास नीरज ने खुद कहा था कि उन्होंने कानपुर में रहते अपने जीवन के श्रेष्ठ गीत लिखे। फिल्मों के लिए उनके रचे गीत सुपरहिट हुए। 'चूड़ी नहीं है मेरा दिल है, देखो देखो टूटे ना', दिल आज शायर है... जैसे राधा ने माला जपी श्याम की..., मैंने ओढ़ी चुनरिया तेरे नाम की... मिलते हैं दिल यहां मिल के बिछड़ने को... ओ मेरी शर्मीली... लिखे जो खत तुझे... और शोखियों में घोला जाए... जैसे शानदार प्रेम गीत आज भी खासे मशहूर हैं।

अपने कानपुर के ही अंसार कंबरी ने भी खूब प्रेम गीत लिखे। इनमें ...शर्त ये है कि तुम कुछ कहो तो सही, मैं तुझे लाज़वाब कर दूंगा, तुझको छूकर गुलाब कर दूंगा,... तेरा आंचल जो ढल गया होगा, रुख हवा का बदल गया होगा... जैसे गीत खासे प्रसिद्ध हैं। प्रमोद तिवारी ने भी शानदार गज़लें लिखीं। उनकी लिखी कविता जुल्फ जो तूने लहरा के बिखरा ली है, काली काली आंधी आने वाली है... ना बेंदी न झुमका पायल, न कंगन न कजरा, न लाली न सेंदुर माहुर न गज़रा, केवल दो नयन नशीले स्वीकार के, सारे मानक टूट गए श्रृंगार के... मेरे घर के आगे एक खिड़की थी, खिड़की से झांका करती लड़की थी... लिख-लिख, पढ़-पढ़ चूमे फाड़े बिना नाम की चिठ्ठी जैसी कविताएं आज भी सराही जाती हैं।

कवि सुनील वाजपेई की कविता किताबों में कभी जब फूल मिलते हैं, तुम्हारी याद आ जाती... और रोज आते रहे-रोज जाते रहे, हम तुम्हें गीत में गुनगुनाते रहे... खासी मशहूर हैं। इनके अलावा डॉ. सुरेश अवस्थी, लोकेश शुक्ला, हेमंत पांडे, मुकेश, श्रवण, कमल मुसद्दी सहित कई कवियों की रचनाओं की पूरे देश में पहचान है। इन कवियों ने हास्य-व्यंग सहित समाज से जुड़ी हर विधा पर लिखा है।

## लाइट म्यूजिक और सुकून फूलों से महकता स्पेस भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वेलेंटाइन डे पर रेस्टोरेंट-होटलों के साथ मॉल्स में भी सजावट

**अमृत विचार।** वेलेंटाइन डे के स्वागत में शहर भर में रेस्टोरेंट, होटलों के साथ मॉल्स भी सज-धजकर तैयार हैं। पहले कभी मोतीझील के झुरमुट, फूलबाग, कंपनी बाग, गंगा तट प्रेमी-युगलों से आबाद होते थे, लेकिन अब इस खास मौके पर रेस्टोरेंट और होटल आसान ठिकाने बन गए हैं। रेस्टोरेंट्स को कपल्स के लिए अलग-अलग थीम पर सजाया गया है। अधिकतर स्थानों पर लाल और गुलाबी रंगों के गुब्बारों, खूबसूरत फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की गई है। कहीं लाइव म्यूजिक, तो कहीं लाइट म्यूजिक के साथ डीजे का इंतजाम है। कॉफी के साथ रुमानी कहानी है तो अनलिमिटेड फूड के पैकेज भी हैं। इसके साथ ही होटल और रेस्टोरेंट ने प्राइवेट लाउंज और सुकून भरा स्पेस उपलब्ध कराने जैसे आकर्षण भी जोड़े हैं।

हालांकि होटल और रेस्टोरेंट से इतर बड़ी संख्या में प्रेमी युगलों ने गंगा बैराज बोट क्लब, ब्लू वर्ल्ड और बिठूर घूमने का प्रोग्राम बनाया है। वेलेंटाइन डे के लिए शुक्रवार को बाजार भी सजा नजर आया। दुकानों में टैडी वियर, दिलनुमा गुब्बारे, लॉकेट, फ्रेम, चॉकलेट, प्रेम डायरी, प्यार-पत्र, प्रेमपगी रिंगटोन और राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं सहित कई तरह के गिफ्ट उपलब्ध हैं। बेहद हल्की सोने-चादी की ज्वैलरी भी इस खास दिन के लिए खास तौर पर डिज़ाइन की गई है।

# एग्रीफेस्ट में दिखी ग्रामीण परिवेश की झलक

### सीएसजेएमयू में सांस्कृतिक-कृषि महोत्सव एग्रीफेस्ट फागुन की फुलवारी की हुई रंगारंग शुरूआत



एग्रीफेस्ट में युवाओं ने बढ़ाया जोश। अमृत विचार



नृत्य पेश करती छात्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की ओर से महोत्सव आयोजित हुआ। दो दिवसीय सांस्कृतिक-कृषि महोत्सव एग्रीफेस्ट ' फागुन की फुलवारी' में ग्रामीण परिवेश की झलक दिखी। पारंपरिक नृत्य और संगीत से माहौल में उत्साह छा गया।

समारोह में मुख्य अतिथि हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी रहे। उन्होंने अपने हास्य-व्यंग्य प्रस्तुति से सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि आयुवेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों पर प्रेरक विचार साझा किए। महोत्सव में पारंपरिक ग्रामीण खेल, लोकनृत्य, समूह गान और 'ग्राम दर्पण' प्रदर्शनी के जरिए कृषि नवाचारों, गांव की जीवनशैली और लोक-संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई गई, जिसे सभी लोगों सराहा। स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिवेदी ने बताया कि यह महोत्सव ग्रामीण परंपराओं, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और आधुनिक कृषि इनोवेशन को एक मंच पर लाने का शानदार प्रयास है।

### लोकनृत्य और पारंपरिक खेलकूद की धूम

- पहले दिन विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों ने पारंपरिक लोकनृत्य और समूह गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस आयोजन में पिट्ठू गुपचुप, गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक ग्रामीण खेलों के प्रति भी छात्रों में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन में पारंपरिक व्यंजनों की भी धूम रही। आंवले का पाउडर, चावल के फरे, भेलपूरी, चाट आदि लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगे।

### ओपन माइक का हुआ आयोजन

- **कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के आत्मोदय हॉबी क्लब द्वारा महिला दिवस के अवसर पर ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य की पहली राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती को समर्पित रहा। जिसमें महिलाओं की आवाज़, कहानियों और अभिव्यक्ति का उत्सव मनाया गया, डॉ अनमोल शंकर श्रीवास्तव एवं डॉ अहमद अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ओपन माइक में कविता, शायरी, कहानी सुनाना और स्टैंडअप कॉमेडी जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## चांदी के नाग-नागिन की मांग घटी


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर भक्तों की ओर से महादेव पर चढ़ाए जाने वाले चांदी के नाग-नागिन के जोड़े की मांग बाजार में शुरू हो गई है। कुंडली के उपायों के लिए भी इस्तेमाल होने वाले यह जोड़े इस बार काफी हल्के भी बाजार में उपलब्ध हैं। कारोबारियों की माने तो चांदी के दामों में बढोतरी से इस बार पिछले पर्व की तुलना में कारोबार 60 फीसदी घट गया है।

महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तों की ओर से महादेव पर चांदी के नाग नागिन व बेल पत्र सहित अन्य उत्पाद अर्पित किए जाते हैं। बाजार में हल्के उत्पाद कारीगरों ने इस बार तैयार किए हैं। चांदी के नाग-नागिन के जोड़े व बेल पत्र 5 सौ रुपये से शुरू हो रहे हैं। कारोबारियों का मानना है कि पिछले महाशिवरात्रि से तुलना की जाए तो लगभग 40 फीसदी ही खरीदार बाजार पहुंच रहे हैं। बाजार के हाल पर कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि चांदी के रेट में इजाफा होने के चलते इस बार बाजार में खरीदारों की संख्या काफी कम है।



चांदी का त्रिशूल। अमृत विचार



हल्के नाग नागिन के जोड़े मौजूद।



चांदी का बेलपत्र। अमृत विचार

### कॉपर की ओर झुकाव

- पर्व पर चांदी के दाम में इजाफे का भी असर पड़ रहा है। शुक्रवार को चांदी के दाम 2,54,100 प्रति किलो रहे। भक्तों की ओर से कॉपर के उत्पादों की ओर भी रुख किया। कॉपर के बने उत्पाद बाजार में 150 रुपये से शुरू हो रहे हैं। कारोबारियों का मानना है कि आम खरीदार कॉपर की ओर झुकेगा।

### दूल्हे की तरह सजेंगे महादेव

- शिवरात्रि पर्व पर जागेश्वर मंदिर में महादेव को दूल्हे की तरह सजाया जाएगा। इस दौरान विवाह की सभी रस्मों को भी आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को श्री जागेश्वर महादेव प्रबंधक सभा की ओर से दी गई। पदाधिकारी प्राण श्रीवास्तव व जितेंद्र पाण्डेय ने बताया कि मंदिर में 14 को बाबा का हल्दी मेहंदी श्रृंगार आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाली महिला भक्तों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# नई दिल्ली-कानपुर-बरौनी होली स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी से चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** होली त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली से कानपुर होते हुए बरौनी तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि नई दिल्ली से 20.02.2026 से 6 मार्च तक संचालित होगी। इसी प्रकार बरौनी से 22.02.2026 से 08.03.2026 तक संचालित की जाएगी। इस ट्रेन में स्लीपर-08, सामान्य-06, एसएलआर-02 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 04054 नई दिल्ली से सायं 7.50 बजे रवाना होगी। गाजियाबाद 8.45 बजे, अलीगढ़ रात 10.28 बजे, टूंडला रात 11.43 बजे, कानपुर सेंट्रल प्रातः 5.55 बजे, उन्नाव प्रातः 6.33 बजे, ऐशबाग (लखनऊ) प्रातः 7.45 बजे, बाराबंकी 9.13 बजे, बस्ती 11.53 बजे, खलीलाबाद 12.25 बजे, गोरखपुर 1.25 बजे, देवरिया दोपहर 2.30 बजे, बरौनी रात 10 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04053 बरौनी से रात 00.45 बजे रवाना होगी। हाजीपुर रात 2.30 बजे, ऐशबाग दोपहर 3.38 बजे, उन्नाव सायं 4.53 बजे, कानपुर सेंट्रल सायं 5.35 बजे, इटावा सायं 7.33 बजे, टूंडला रात 9.08 बजे, अलीगढ़ रात 10.10 बजे, गाजियाबाद रात 2.53 बजे, नई दिल्ली रात 3.50 बजे पहुंचेगी।

## नई दिल्ली-कानपुर-सुपौल स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली से कानपुर होते हुए सुपौल के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि नई दिल्ली से 20 फरवरी से 6 मार्च तक और सुपौल से 22 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक ये विशेष ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन में जनरल 6, स्लीपर 8 व पार्सल के 2 डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 04060 नई दिल्ली से रात 9.35 बजे रवाना होगी। गाजियाबाद रात 10.10 बजे, अलीगढ़ रात 00.38 बजे, टूंडला रात 3.20 बजे, कानपुर सेंट्रल प्रातः 7.50 बजे, उन्नाव 8.23 बजे, ऐशबाग 9.40 बजे, बाराबंकी 10.53 बजे, गोंडा 12.25 बजे, बस्ती दोपहर 1.43 बजे, गोरखपुर दोपहर 3.30 बजे, देवरिया सायं 4.38 बजे, हाजीपुर रात 9.02 बजे, सुपौल प्रातः 4 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04059 सुपौल से प्रातः 7 बजे चलेगी। गोंडा रात 00.25 बजे, ऐशबाग भोर 4.40 बजे, उन्नाव प्रातः 6.10 बजे, कानपुर सेंट्रल प्रातः 7.10 बजे, इटावा 8.53 बजे, टूंडला 10.23 बजे, अलीगढ़ 11.40 बजे, गाजियाबाद दोपहर 3.08 बजे, नई दिल्ली सायं 4.10 बजे पहुंचेगी।

## आनंद विहार-गोविंदपुरी खुर्दा रोड तक विशेष ट्रेन

**कानपुर।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनल से गोविंदपुरी होते हुए भुवनेश्वर के पास खुर्दा रोड तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि आनंद विहार टर्मिनल से 27 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक चलेगी जबकि खुर्दा रोड से 28 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक विशेष ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन में एसी द्वितीय-01, एसी तृतीय-02, स्लीपर-10, सामान्य-05, एसएलआर-2 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 04066 आनंद विहार टर्मिनल से रात 00.30 बजे रवाना होगी। गाजियाबाद रात 1 बजे, गोविंदपुरी प्रात: 7.20 बजे, सूबेदारगंज 10.20 बजे, मिर्जापुर 11.50 बजे, देवरिया सायं 4.56 बजे, भुवनेश्वर प्रात: 10.50 बजे, खुर्दा रोड दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04065 खुर्दा रोड से दोपहर 3.30 बजे रवाना होगी। भुवनेश्वर सांय 4 बजे, पुरुलिया रात 3.30 बजे, सासाराम दोपहर 12.13 बजे, मिर्जापुर सायं 4.18 बजे, सूबेदार गंज सायं 5.55 बजे, गोविंदपुरी रात 9.20 बजे, गाजियाबाद प्रात: 7.03 बजे एवं आनंद विहार टर्मिनल प्रात: 8.15 बजे पहुंचेगी।


**पहल** — आईआईटी कानपुर और यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के बीच हुई साझेदारी

# शैक्षणिक-शोध सहयोग के लिए हुआ समझौता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर और कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते के तहत शैक्षणिक और शोध सहयोग स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही वैश्विक जनस्वास्थ्य और संबंधित डीप-टेक क्षेत्रों में भी सहयोग किया जाएगा।

एमओयू के दौरान कनाडा से आए प्रतिनिधिमंडल में विश्वविद्यालय के शीर्ष शैक्षणिक और स्वास्थ्य विज्ञान नेतृत्व से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इनमें डॉ. माइकल बेनारोच (अध्यक्ष एवं कुलपति), डॉ. पीटर निकर्सन (अधिष्ठाता, रेडी फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज), डॉ. जोसे जी. लावोई (अधिष्ठाता, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी एंड ग्लोबल हेल्थ), डॉ. जेम्स ब्लैंचर्ड (कार्यकारी निदेशक, इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ) तथा डॉ. मारिसा बेकर (निदेशक, टेक्निकल कोलैबोरेशंस, इंस्टिट्यूट फॉर ग्लोबल पब्लिक हेल्थ की मौजूदगी रही। इस दौरान आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को संस्थान की शैक्षणिक एवं शोध क्षमताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगामी गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज और टेक्नॉलजी और कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी सहित प्रमुख सुविधाओं को बताया। इसके अलावा मेडटेक क्षेत्र में आईआईटी कानपुर की बढ़ती नेतृत्व भूमिका पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अधिष्ठाता प्रो. बुशरा अतीक ने आईआईटी कानपुर की विस्तारित वैश्विक साझेदारियों का विवरण प्रस्तुत किया। स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के प्रोफेसर इनचार्ज प्रो. दीपू फिलिप ने बताया कि इस समझौते के तहत साझा शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों का विकास, शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए संकाय गतिशीलता, छात्रों के अध्ययन और शोध आदान-प्रदान, तथा संयुक्त शोध, प्रकाशन और संगोष्ठियों जैसे शैक्षणिक आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा। साझेदारी में डिजिटल तकनीक, डेटा विज्ञान, स्वास्थ्य मेडटेक और मेडिकल डिवाइस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



एमओयू पर हस्ताक्षर करते आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल। अमृत विचार


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2272422 प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। – **प्रार्थी सोहन चौहान पुत्र श्री राजेश चौहान ग्राम- कैथावा पोस्ट- धनऊपुर ,तहसील - कादीपुर, जनपद- सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र जावेद तथा उसकी बीबी नाजनी को उनके खराब आचरण के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उन लोगो से सारे रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। **परवीन पत्नी स्व0 मोईनुद्दीन 633, वजीरबाग, झरियन तालाब, सआदत गंज लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम बालमती देवी धरमदेवराम पासी पत्नी धरमदेवराम पासी और पता 73 गणेश बाग रहिवाशी संघ रूम नं. 25, टी.जे. रोड न्यू चाइना मिल समोर शिवडी मुंबई महाराष्ट्र – 400015 अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम बालमती देवी पासी पत्नी धर्मदेव पासी और पता ग्राम बसही जरमजेपुर पोस्ट मधसिया तहसील सदर जिला आजमगढ़ –276208 है। यही नाम और पता मेरे सभी दस्तावेजों में मान्य है।

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 18–02–2026 प्रात: 10.00 बजे क्वार्टर मास्टर डिपार्टमेन्ट, कमान्ड अस्पताल (सेन्ट्रल कमान्ड) लखनऊ में अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –नकद जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी।
**आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स – मो0– 9919503110**

**सूचना**

मेरे मकान नं0 117/181ए काकादेव पुरानी बस्ती कानपुर का पूर्व विक्रयपत्र दिनांकित 24.01.2001 जो कि महेश सिंह द्वारा मो0 शाहिद आदि के पक्ष में पंजीकृत किया गया था जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक कानपुर नगर के यहां बही संख्या 1 जिल्द संख्या 592 के पृष्ठ 393 से 416 पर क्रमांक 344 पर दिनांक 24.01.2001 को हुआ था व विक्रयपत्र दिनांक 15.07.2013 जो कि मो0 शाहिद आदि द्वारा श्रीमती शकुन्तला देवी के पक्ष में पंजीकृत किया गया था जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक जोन–4 कानपुर नगर के यहां बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7544 के पृष्ठ 1 से 34 पर क्रमांक 5403 पर दिनांक 15.07.2013 को हुआ था के मूल दस्तावेज कही खो गये है अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त मकान के उपरोक्त कागज मिले या अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त मकान के विक्रय के संबंध में या किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो 15 दिन के अंदर मोबाइल नंबर 9415217364 पर संपर्क कर के सूचित करे अन्यथा उक्त समय के बाद कोई भी दावा अमान्य व शून्य होगा ।
**विवेक अग्रवाल पुत्र श्री कृष्णा राम अग्रवाल निवासी मकान नं0 62 शिव चरण लाल रोड प्रयागराज**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सगीर और उसकी पत्नी एवं उसके बच्चों का मेरे व मेरे परिवार के प्रति उसका आचरण ठीक नहीं है । जिससे मैं काफ़ी आहत हूँ यह लोग मेरी किसीं प्रकार से सेवा नहीं करते है। जिस कारण मै अपने पुत्र सगीर और उसकी पत्नी वा बच्चों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सभी कृत्यों की जिम्मेदार वह स्वयं ही होंगे। **अब्दुल शरीफ पुत्र स्व अब्दुल बारी खान निवासी मोहल्ला केवलहार परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने दोनों मृतक पुत्रों के वारिसान जिनके नाम सरोज पत्नी रविंद्र प्रताप,संदीप कुमार पुत्र रवीन्द्र प्रताप, कुलदीप कुमार व शिवा पुत्रगण रवींन्द्र प्रताप तथा मीना पत्नी शिव प्रसाद उर्फ लाखन,ज्योति पुत्री शिव प्रसाद, पूजा पुत्री शिव प्रताप उर्फ लखन, रवी कुमार पुत्र शिव प्रताप उर्फ लाखन को चल अचल संपत्ति से उनके क्रियाकलापों के चलते बेदखल कर दिया है। संपत्ति के वारिस प्रमोद कुमार व विनोद कुमार उपरोक्त ही हकदार होंगे। **दूबरि उर्फ़ देवी चरन पुत्र जुराखन निवासी मोहल्ला कटरा गंगारामपुर कस्बा व पोस्ट मल्लावां ,तह0 बिलग्राम ,हरदोई।**

**सूचना**

उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (T.E.T.) 2011 प्राथमिक स्तर का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका रोल नं. 16034985 है। संजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, पोस्ट – भैंसऊ, जिला – कानपुर नगर।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दूसरे नंबर के बेटे रिंकू का चाल–चलन ठीक नहीं है। अपनी मां निर्मला पिता मेड़ई लाल पुत्र भगवान से आए दिन मारपीट व विवाद करता है। उसके द्वारा किया गया कृत्य समाज में गलत संदेश देता है। ऐसे में पुत्र को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। **मेड़ई लाल पुत्र भगवान निवासी ग्राम सुकईपुरवा रामगांव, जिला बहराइच, उ0प्र0।**

